


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-118 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 26 जुलाई 2025 ■ मूल्य 2.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### भारत में लॉन्च से पहले स्टारलिंक का सर्वर दुनिया भर में ठप

**नई दिल्ली, 25 जुलाई।** एलन मस्क की महत्वाकांक्षी सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक को आज तड़के एक बड़े वैश्विक आउटेज का सामना करना पड़ा। एक तकनीकी खामी के चलते स्टारलिंक का सर्वर डाउन हो गया, जिससे अमेरिका और यूरोप समेत दुनिया के 140 देशों में इंटरनेट सेवाएं ठप हो गईं। सैटेलाइट इंटरनेट के लिए यह एक दुर्लभ ग्लोबल आउटेज माना जा रहा है, क्योंकि यह सर्विस अपनी भरोसेमंद कनेक्टिविटी के लिए जानी जाती है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह समस्या स्टारलिंक के इंटरनल सॉफ्टवेयर में आई एक तकनीकी खामी की वजह से हुई। सॉफ्टवेयर फेल होने के कारण दुनिया भर में हजारों यूजर्स के डिवाइस राउटर अचानक ऑफलाइन हो गए और उनकी कनेक्टिविटी टूट गई। इंटरनेट सेवाओं को ट्रैक करने वाली वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' के अनुसार, 61,000 से अधिक यूजर्स ने स्टारलिंक की सर्विस में आई इस दिक्कत को रिपोर्ट किया। भारतीय समय के अनुसार, यूजर्स ने शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे से समस्याओं की शिकायत करना शुरू कर दिया था।

### पत्थर से सिर कुचलकर युवक की हत्या

**रायपुर, 25 जुलाई।** राजधानी रायपुर में बाप-बेटे ने मिलकर एक युवक का सिर पत्थर से कुचल कर उसे मार डाला। 25 जुलाई की रात सड्डू के बैरागी बाड़ा में रहने वाले अर्जुन बैरागी और राजा चंदवानी (32) के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद दोनों ने मिलकर राजा का मर्डर कर दिया। मामला विधानसभा थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल पर चारों तरफ खून बिखर गया था। विवाद की शुरुआत गाली गलौज से हुई थी। पुलिस ने आरोपी पिता को पकड़ लिया है जबकि बेटा फरार है। जिस पत्थर से युवक की हत्या हुई पुलिस ने उसे भी जब्त किया है। जानकारी के मुताबिक, 24 जुलाई गुरुवार रात मृतक राजा चंदवानी आरोपी अर्जुन बैरागी के घर पहुंचा था और वहां गाली-गलौज कर रहा था। इसी दौरान विवाद इतना बढ़ा कि अर्जुन और उसके पिता ने मिलकर राजा पर पत्थर से हमला कर दिया। सिर पर वार लगने से राजा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से आरोपी अर्जुन बैरागी फरार है, जबकि उसका पिता पुलिस हिरासत में है।

# हमारी सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए संकल्पित है : सीएम साय

■ **सीएम ने किया रक्त-मित्र पुस्तिका का विमोचन रेडक्रॉस के आजीवन सदस्यों को किया सम्मानित**

**रायपुर, 25 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जो न केवल किसी जरूरतमंद को जीवनदान देता है, बल्कि मानवता के प्रति हमारी सेवा भावना का श्रेष्ठतम उदाहरण भी है। मुख्यमंत्री साय आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रक्त-मित्र डायरेक्ट्री एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल है, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति समय पर रक्तदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित कर सकता है। यह पहल जीवनरक्षक सहायता को सहज, सुलभ और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुझे यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जशपुर जिले में हर वर्ग के नागरिक स्वैच्छिक रक्तदान और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी कर रहे हैं और समाज सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। आज रक्तदाताओं



को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ, क्योंकि जीवनदान देने वाला व्यक्ति वास्तव में ईश्वर के समकक्ष होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि रक्त का हमारे जीवन में क्या महत्व है। सही समय पर उपयुक्त रक्त समूह का रक्त मिलने से किसी के प्राणों की रक्षा की जा सकती है, इसलिए रक्तदान को 'महादान' कहा गया है। राज्य में रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से सर्वाधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है, जो जनसेवा की उत्कृष्ट मिसाल है। मैं इस मंच से प्रदेशवासियों से आह्वान करता हूँ कि वे यथासंभव रक्तदान कर इस जीवनरक्षक कार्य में सहभागी बनें।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार हेतु राज्य सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है। हाल ही में हमने एम्बुलेंस सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस पहल की है।

### सीएम ने आधुनिक एम्बुलेंस को दिखायी हरी झंडी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया स्थित कैम्प कार्यालय परिसर से अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एम्बुलेंस बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) निधि से प्रदत्त है, जिसमें बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम सहित अन्य उन्नत सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। यह एम्बुलेंस मुख्य रूप से मनोरा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रखी जाएगी, जिसकी सेवाएँ आवश्यकता अनुसार पूरे जिले में ली जा सकेंगी। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा परिवहन सेवा सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे खासकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में गंभीर रूप से बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सहायता मिल सकेगी।

## राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल बिल्डिंग गिरी

# सात बच्चों की मौत, 28 घायल

» **छात्रा बोली- पहले कंकड़ गिरे, लेकिन टीचर ने ध्यान नहीं दिया**

**अकलेरा (झालावाड़), 25 जुलाई।** राजस्थान के झालावाड़ में सरकारी स्कूल की बिल्डिंग का हिस्सा गिरने 7 बच्चों की मौत हो गई है, वहीं 9 गंभीर घायल हैं। झालावाड़ के मनोहरथाना ब्लॉक के पिपलोदी सरकारी स्कूल की क्लास में शुक्रवार सुबह सातवीं क्लास के बच्चे पढ़ रहे थे, तभी कमरे की छत ढह गई और 35 बच्चे दब गए थे।

घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मलबा हटाकर बच्चों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

मनोहरथाना हॉस्पिटल के अनुसार 5 बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई थी, वहीं 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है। हादसे के बाद से ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि लगातार बारिश से बिल्डिंग जर्जर हो गई थी, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया।

हादसे के बाद से ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि लगातार बारिश से बिल्डिंग जर्जर हो गई थी, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया।



### कलेक्टर और स्कूली छात्रा के बयान से 2 गंभीर लापरवाही सामने आई

1. कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ के मुताबिक स्कूल शिक्षा विभाग को पहले ही निर्देश दिए गए थे कि जो भी जर्जर भवन हो वहां स्कूलों की छुट्टी कर दी जाए, लेकिन खुद कलेक्टर कह रहे हैं कि ना तो यह स्कूल जर्जर भवन की सूची में था और ना ही यहां बच्चों की छुट्टी की गई।
2. स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची वर्षा राज क्रांति ने बताया की छत गिरने से पहले कंकड़ गिर रहे थे, बच्चों ने बाहर खड़े टीचर्स को इसकी जानकारी दी, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान ही नहीं दिया और थोड़ी देर बाद ही छत गिर गई।

### यह कांग्रेस के भ्रष्टाचार का नतीजा : भाजपा

इस बीच, घटना पर राजनीति भी शुरू हो गई है। भाजपा का कहना है कि यह कांग्रेस की पिछली सरकार के भ्रष्टाचार का नतीजा है। मौजूदा सरकार में शिक्षा मंत्री मदन दिवालर ने जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए पिछले दिनों ही 200 करोड़ का फंड जारी किया था।

**बारिश के बीच ढहा कमरा, टीचर सुरक्षित :** गांववालों ने बताया कि इस स्कूल में कुल 7 क्लासरूम हैं। हादसे के दौरान स्कूल के दो क्लासरूम में 71 बच्चे थे। स्कूल में 2 टीचर भी मौजूद थे, लेकिन दोनों हादसे के दौरान बिल्डिंग से बाहर थे, वे सुरक्षित हैं। जब छत गिरी, उस समय बारिश हो रही थी।

# क्या छग से होंगे नए उपराष्ट्रपति?

## पीएम मोदी तक पहुंचा लेटर, कद्दावर नेताओं में रमेश बैस भी शामिल

**रायपुर, 25 जुलाई।** जगदीप धनखड़ ने सोमवार शाम को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था।



जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद खाली हुए उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा के महासचिव पी सी मोदी को शुक्रवार को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि कानून एवं न्याय मंत्रालय से परामर्श करके और राज्यसभा के उपसभापति की सहमति के बाद उसने 2025 के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए पी सी मोदी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। निर्वाचन आयोग ने चुनाव के दौरान संयुक्त सचिव, राज्यसभा सचिवालय गरिमा जैन और राज्यसभा सचिवालय निदेशक विजय कुमार को भी सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है।

रमेश बैस को उपराष्ट्रपति बनाने की मांगः वहीं दूसरी ओर अब उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों के संभावित नामों का कयास लगना शुरू हो गया है। इन सब के बीच छत्तीसगढ़ के पीसीसी चीफ दीपक बैज ने महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल और 7 बार के सांसद रमेश बैस को उपरा?ष्ट्रपति बनाने की मांग की है। इस संबंध में दीपक बैज ने पीएम मोदी को एक पत्र भी लिखा है। इस पत्र में उन्होंने पीएम मोदी से कहा है कि 15 साल तक लोकसभा चुनाव में जनता का अपार सहयोग मिलने के बावजूद भी छत्तीसगढ़ को अपेक्षाकृत प्रतिनिधित्व नहीं मिला, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस इस पद के लिए उपयुक्त हैं।

### इन नामों पर चर्चा तेज

बता दें कि उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नाम की सबसे अधिक चर्चा हो रही है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा, बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद का भी नाम सामने आ रहा है। बिहार चुनाव के मद्देनजर माना जा रहा है कि बीजेपी की तरफसे जदयू को यह ऑफर दिया जा सकता है। हालांकि, राजनीतिक के जानकारों का मानना है कि बीजेपी इस पर अपनी ही पार्टी के किसी वरिष्ठ और अनुभवी नेता पर दांव खेल सकती है। ऐसे में थावर चंद गहलोत, ओम माथुर, आरिफमोहम्मद खान, हरिवंश और रमा देवी जैसे कद्दावर नेताओं के नाम की चर्चा तेज है।

### सत्ता में रहते उड़ाया धनखड़ का मजाक, इस्तीफे के बाद अब फेयरवेल पार्टी देगा विपक्ष

**नई दिल्ली, 25 जुलाई।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक अपने पद से इस्तीफे देने के बाद से ही इस मामले पर सियासत की जा रही है। सत्ता में रहते हुए अक्सर धनखड़ का मजाक उड़ाने और उन पर आरएसएस का पक्ष लेने का आरोप लगाने वाले विपक्ष का रुख इस्तीफे के बाद पूरी तरह बदल गया है। जहां पहले विपक्षी नेता धनखड़ पर भेदभाव के आरोप लगाते थे वहां अब वही लोग उन्हीं के अधिकारों के लिए



सरकार से सवाल कर रहे है। विपक्ष लगातार केंद्र से धनखड़ के इस्तीफे पर सफाई देने की मांग कर रहा है। उनका आरोप है कि इसके पीछे स्वास्थ्य कारण नहीं बल्कि कुछ और वजह है।

**धनखड़ को फेयरवेल डिनर देगा विपक्षः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी हाल ही मीडिया से बातचीत करते हुए कहा था हमें तो लगता है दाल में कुछ काला है, सरकार को इस मामले पर जवाब देना चाहिए। खड़गे के अलावा अन्य कई विपक्षी नेताओं ने भी इस इस्तीफे के पीछे राजनीतिक कारण होने की बात कही है। धनखड़ के इस्तीफे के बाद से ही यह बयानबाजी लगातार जारी है। इसी बीच अब खबर आ रही है कि विपक्षी पार्टियों ने धनखड़ को फेयरवेल डिनर के लिए आयोजित किया है।

# संसद गेट पर राहुल व प्रियंका ने 'सर' लिखे पोस्टर फाड़कर डस्टबिन में डाले




■ **लोकसभा स्पीकर ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, 28 जुलाई से सदन चलाने पर सहमति**

**नई दिल्ली, 26 जुलाई।** संसद के मानसून सत्र के पांचवें दिन विपक्ष ने बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों ने गांधी प्रतिमा से लेकर मकर द्वार (नए संसद भवन का एंट्री गेट) तक पैदल मार्च निकाला। इसमें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल हुए। मकर द्वार पहुंचने पर राहुल-प्रियंका सहित विपक्ष के सांसदों ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) लिखे पोस्टर फाड़े। उन्हें प्रतीकात्मक डस्टबिन में डाला। साथ ही मोदी सरकार हाय-हाय के नारे लगाए।

लोकसभा में भी विपक्ष ने नारेबाजी की। सदन में करीब 20 मिनट ही कार्यवाही चल पाई। स्पीकर ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। 28 जुलाई से सदन सुचारू रूप से चलाने पर सहमति बन गई है। इसी दिन ऑपरेशन सिंदूर पर भी चर्चा होगी। राज्यसभा के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, वे (केंद्र) गरीबों को उनके मतदान के अधिकार से वंचित करना चाहते हैं और केवल एलीट क्लास को वोट देने देना चाहते हैं... वे (केंद्र सरकार) संविधान का पालन नहीं कर रहे हैं। SIR के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

## सरकार ने ओटीटी प्लेटफार्म्स पर लगाई रोक

# सरकार ने बैन किए उल्लू और अल्ट समेत 25 एप, परोस रहे थे अश्लील सामग्री

**नई दिल्ली, 25 जुलाई।** भारत सरकार ने डिजिटल कंटेंट में बढ़ रही अश्लीलता को लेकर अब एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने कथित तौर पर अश्लील सामग्री दिखाने के लिए 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म और उनके संबंधित मोबाइल एप्लिकेशन पर बैन लगा दिया है। इनमें उल्लू, एल्ट, देसीफ्लिक्स और बिग शॉट्स जैसे लोकप्रिय नाम शामिल हैं।

### अश्लील कंटेंट पर रोक लगाना सरकार का उद्देश्य

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अलग-अलग जांच एजेंसियों से पूरी जानकारी हासिल करने के बाद यह फैसला लिया है। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि इस कदम का उद्देश्य अश्लील और भारतीय कानूनी एवं सांस्कृतिक मानकों का




उल्लंघन करने वाले कंटेंट के दिखाए जाने पर रोक लगाना है।

### इन एप्स पर लगा बैन

प्रतिबंधित एप्लिकेशन की लिस्ट में प्राइम प्ले, हंटर्स, ड्रीम फिल्म्स, रंगीन और नियोनएक्स वीआईपी भी शामिल हैं। इन प्लेटफॉर्म की अक्सर अपने अश्लील कंटेंट और एडल्ट सीरीज को लेकर आलोचना की जाती रही है। जिसके चलते ये प्लेटफॉर्म अक्सर निशाने पर भी रहते हैं।

### बार-बार कर रहे थे नियमों की अनदेखी

इन एप्स पर प्रतिबंध लगाने के लिए इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स को आदेश देते हुए मंत्रालय की ओर से कहा गया कि इनमें से कई प्लेटफॉर्म एडवाइजरी जारी किए जाने के बावजूद नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार, इन प्लेटफॉर्म तक मुख्य रूप से मोबाइल एप्स के जरिए पहुंचा जा रहा था, जो थर्ड पार्टी एप स्टोर पर उपलब्ध थे। जबकि कुछ मामलों में सोशल मीडिया पर काफी तेजी से प्रचारित किए गए थे। प्रतिबंध में मोबाइल एप्लिकेशन और संबंधित वेबसाइट दोनों शामिल हैं।

# मुंबई में भारी बारिश का रेड अलर्ट, सड़कों पर पानी भरा

■ **पुलिस की घर से न निकलने की सलाह; पश्चिम बंगाल में बिजली गिरने से 13 की मौत**

**नई दिल्ली, 25 जुलाई।** मुंबई और आसपास के जिलों में भारी बारिश जारी है। इसके चलते पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से जरूरत न होने पर घर से न निकलने की सलाह दी है। समुद्र तटीय इलाकों में जाने से बचने को भी कहा है। मौसम विभाग ने गुरुवार को महाराष्ट्र समेत पांच राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया था। वहीं, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक में ऑरेंज अलर्ट है।

पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा और पूर्व बर्धमान जिले में गुरुवार को बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई। वहीं, ओडिशा पुलिस ने गंधमर्दन पहाड़ियों पर फंसे 17 पर्यटकों का रेस्क्यू किया गया। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सड़क धंसने से एक बस हादसे का शिकार हो गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई। राज्य में अब तक कुल 147



मौतें हो चुकी हैं। वहीं, 1387 करोड़ रुपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है। विभाग ने कहा कि 28 जुलाई तक इन क्षेत्रों में 55 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

## पीएम मोदी की ऐतिहासिक पारी, रचा कीर्तिमान

# इंदिरा गांधी को पीछे छोड़कर बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, 25 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जुलाई को बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है। पीएम मोदी अब भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले दूसरे नेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 4,078 दिन का कार्यकाल पूरा करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी (4077 दिन, 1966 से 1977) को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि अब भी सबसे लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड पंडित जवाहरलाल नेहरू के नाम है। जिन्होंने 16 साल 286 दिन तक देश का नेतृत्व किया।

**अभी मालदीव में हैं पीएम मोदी:** पीएम मोदी का रिकॉर्ड भारत की बदलती राजनीतिक गतिशीलता को दर्शाता है। पीएम मोदी की डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत ने देश की प्रगति को नई दिशा दी है। यह उपलब्धि पीएम मोदी के नेतृत्व की स्थिरता और उनके सुधारवादी एजेंडे के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाती है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी इस समय मालदीव में हैं। मोदी 26 जुलाई को मालदीव के 60वें स्वतंत्रता समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



**तीसरी बार लगातार सरकार बनाकर रचा इतिहासः** प्रधानमंत्री मोदी ने 2014, 2019, और 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाते हुए जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की। मोदी आज़ादी के बाद जन्मे पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने देश का नेतृत्व इतने लंबे समय तक किया है। साथ ही पीएम मोदी ऐसे पहले गैर-कांग्रेसी नेता भी बन चुके हैं जिन्होंने दो पूर्ण कार्यकाल सफलता से पूरे किए हैं। यह उपलब्धि उनकी स्थिर नेतृत्व क्षमता और लंबी राजनीतिक पकड़ को दर्शाती है।

### छह चुनावों में लगातार जीत

प्रधानमंत्री मोदी का राजनीतिक सफर 2001 में शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में 2002, 2007 और 2012 के विधानसभा चुनावों में जीत हासिल कर सरकार बनाई। 2014 में केंद्र की सत्ता संभालने के बाद उन्होंने 2019 और 2024 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत दिलाकर सत्ता में बनाए रखा। लगातार तीन आम चुनावों में भाजपा को विजय दिलाई। नरेंद्र मोदी एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्होंने एक ही पार्टी के बैनर तले लगातार छह बड़े चुनावों में जीत दर्ज की है। यह उनकी रणनीतिक कुशलता, जनसंपर्क कौशल और जनता के बीच गहरी स्वीकार्यता को दर्शाता है।

# पीएम मोदी दो दिन के दौरे पर मालदीव पहुंचे राष्ट्रपति मुइज्जू ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत

## दोनों नेता गले मिले; भारतीय समुदाय से मिले प्रधानमंत्री मोदी

**माले, 25 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के दौरे पर मालदीव पहुंच गए हैं। उनका स्वागत करने के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू लेने एयरपोर्ट पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने एक दूसरे को गले भी लगाया। एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के स्वागत में स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य भी किया। मोदी ने यहां भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की और भारतीय मूल के बच्चों की डांस परफॉर्मेंस भी देखी। मोदी की यह तीसरी मालदीव यात्रा है। वे यहां मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के न्योते पर आए हैं।इससे पहले मुइज्जू ने राष्ट्रपति चुनाव में इंडिया आउट का नारा दिया था। चुनाव जीतने के बाद दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई थी। हाल के दिनों में संबंधों में सुधार देखने को मिला है।

**स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे:** मोदी 26 जुलाई को मालदीव के 60वें स्वतंत्रता समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंधों



की स्थापना के 60 साल पूरे होने का जश्न भी मनाया जाएगा। मोहम्मद मुइज्जू नवंबर 2023 में राष्ट्रपति बने थे, उसके बाद से किसी विदेशी नेता की पहली यात्रा है। इस दौरान डिफेंस व रणनीतिक क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे। यह समझौते भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत मालदीव से विकास साझेदारी को और मजबूत करेंगे। मोदी इस यात्रा के दौरान मोदी भारत के सहयोग से तैयार कुछ प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी कर सकते हैं।

# सीएम ने फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की



**रायपुर, 25 जुलाई ।** भगवान भोले की कृपा बनी रहे और हमारा देश व छत्तीसगढ़ सतत् रूप से विकास, शांति और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ता रहे मुख्यमंत्री भगवान भोले की कृपा बनी रहे और हमारा देश व छत्तीसगढ़ सतत् रूप से विकास, शांति और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ता रहे - मुख्यमंत्री सावन मास के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के साथ आज बगिया स्थित श्री फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सुप्रसिद्ध कथा वाचिका किशोरी राजकुमारी तिवारी द्वारा किए जा रहे शिव महापुराण कथा का श्रवण भी किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा सभी पर बनी रहे और हमारा देश और छत्तीसगढ़ सतत् रूप से विकास, शांति और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री भोलेनाथ के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। हमारी सरकार की नई उद्योग नीति से आकर्षित होकर बीते छह से आठ महीनों में लगभग साढ़े छह लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार ने युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों के अवसर सृजित किए हैं। इस अवसर पर फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित 01 लाख 108 पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं विशेष पूजन अनुष्ठान श्रद्धा, आस्था और शास्त्रोक्त विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन 22 जुलाई से प्रारंभ हुआ था और इसका समापन आज 24 जुलाई को विधिपूर्वक किया गया। पूरे आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। भक्तगण पूर्ण श्रद्धा, निष्ठा और भक्ति भाव से पार्थिव शिवलिंग निर्माण में सहभागी रहे। पूजन एवं अनुष्ठान का आयोजन प्रतिष्ठित विद्वान पंडितों द्वारा शास्त्र सम्मत विधियों के अनुसार किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, कमिश्नर श्री नरेंद्र दुग्गा, आईजी श्री दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, जनप्रतिनिधिगण और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय उद्यमी सम्मेलन रायपुर में 26 जुलाई को

**रायपुर, 25 जुलाई।** राज्य स्तरीय उद्यमी सम्मेलन का आयोजन 26 जुलाई को रायपुर में किया जा रहा है। लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ और उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में यह सम्मेलन एवं वार्षिक बैठक स्थानीय जेल रोड स्थित होटल सेलिब्रेशन में दोपहर 2.30 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में राज्यभर के उद्यमी शामिल होंगे। राज्य स्तरीय उद्यमी सम्मेलन एवं वार्षिक बैठक में उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के सीएसआईडीसी के चेयरमैन श्री राजीव अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं विशेष अतिथि के रूप में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री प्रकाश चंद शामिल होंगे।

यह सम्मेलन न केवल उद्यमियों के बीच नेटवर्किंग का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि उद्योग क्षेत्र में आ रही चुनौतियों, संभावनाओं और योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश सिंघानिया, महासचिव श्रीमती सी. पी. दुबे एवं कोषाध्यक्ष श्री दीपक उपाध्याय प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।



## बारिश से बचने वंचित समुदाय को छतरी बांटी

**भिलाई, 25 जुलाई।** अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने इस साल भी वंचित समुदाय के लिए छतरी वितरण कार्यक्रम रखा। इस पहल का उद्देश्य बारिश और धूप से परेशान बुजुर्गों और जरूरतमंदों की मदद करना था। दुर्ग रेलवे स्टेशन, दुर्ग बस स्टैंड की दरगाह, और सेक्टर 6 के साईं बाबा मंदिर में जरूरतमंदों को छतरी का वितरण किया गया। इस पहल में अध्यक्ष अंजुम अली, उपाध्यक्ष शबाना सिद्दीकी, सहसचिव शिरीन, लीना तज़मीन, फरीदा अली, कोषाध्यक्ष शाहीन खान, लेखा अधिकारी नीलोफर खान, फ़रहीन नाज़ व बिल्किस मिस्बाह हुसैन सायरा और सैय्यद जमशेद अली, शोएब सिद्दीकी और अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस के माध्यम से अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने समुदाय के वंचित वर्गों की जरूरतों को पूरा करने और उन्हें बारिश और धूप से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।

## किसानों को दिया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**रायपुर, 25 जुलाई ।** मशरूम का उत्पादन किसानों के लिए अतिरिक्त आय का एक अच्छा साधन है। इसे साल भर एक छोटे से कमरे के माध्यम में थोड़ा सा समय देकर आसानी से किया जा सकता है। यही कारण है कि किसान विशेषकर महिला किसानों में मशरूम उत्पादन के प्रति विशेष रूचि देखी जाती है। इसी दृष्टि से कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ में मशरूम उत्पादन पर एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ.बी.एस. राजपूत ने बताया कि धान फसल के अवशेषों का उपयोग करते हुए मशरूम उत्पादन किया जा सकता है। इससे कृषक अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। यह एक अत्यधिक लाभकारी व्यवसाय है, जिससे कम लागत से अधिक मुनाफा अर्जित किया जा सकता है।प्रशिक्षण में महिलाएं किसान, स्व-सहायता समूह की महिलाएं सहित कुल 22 किसान शामिल हुए। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ.मनीषा चौधरी, वैज्ञानिक (आहार एवं पोषण) ने मशरूम के पोषण मूल्य एवं औषधीय महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने विभिन्न प्रकार के मशरूम उत्पादन की तकनीक एवं मशरूम बीज उत्पादन के प्रायोगिक विधि के साथ-साथ वीडियो और चल-चित्र के माध्यम से जानकारी दी। प्रगतिशील मशरूम उत्पादक किसान गोपाल पटेल के साथ प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया।

## बैठक में एआई और प्रक्रिया दक्षता पर हुई चर्चा



**भिलाई, 25 जुलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल की समस्त इकाइयों के हेड्स ऑफ मटेरियल्स मैनेजमेंट की तीन दिवसीय बैठक का समापन हुआ। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ए.के. चक्रवर्ती ने समापन उद्बोधन दिया। कार्यपालक निदेशक चक्रवर्ती ने अपने संबोधन में बैठक के दौरान आयोजित विभिन्न सत्रों में चर्चा हेतु निर्धारित प्रमुख बिंदुओं को रेखांकित किया और विश्वास व्यक्त किया कि यह एचओएमएम बैठक विचारों के रचनात्मक आदान-प्रदान तथा दीर्घकालिक मुद्दों के समाधान हेतु एक प्रभावी मंच सिद्ध हुई है, जिससे सेल की समग्र क्रय एवं सामग्री प्रबंधन प्रणाली की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। उन्होंने बैठक में भाग ले रहे अधिकारियों को अनुभव के लिए शुभकामनाएं दीं और उनसे आग्रह किया कि वे इन तीन दिनों की गहन चर्चाओं से प्राप्त रणनीतियों, नीतिगत दृष्टिकोणों और व्यावहारिक निष्कर्षों को अपनी-अपनी इकाइयों में सामग्री प्रबंधन और इन्वेंट्री प्रबंधन के क्षेत्र में क्रियान्वित करें। समारोह में इन्वेंट्री प्रबंधन कार्यशाला में सहभागिता कर रहे प्रतिभागियों को एचओएमएम मंच द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिसमें उनके सक्रिय योगदान की सराहना की गई। बैठक के तीसरे दिन, सभी सेल संयंत्रों की इन्वेंट्री स्थिति की समग्र समीक्षा की गई, जिसमें लागत दक्षता एवं लाभप्रदता को बढ़ाने हेतु इन्वेंट्री प्रबंधन पद्धतियों को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, ड्राफ्ट पीआर चेकलिस्ट पर भी संक्षिप्त चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य पर्चेज दस्तावेज़ीकरण प्रक्रियाओं को अधिक सुसंगत बनाना है। बैठक में मेक इन इंडिया एमआईआई दिशा-निर्देशों में हुए नवीनतम संशोधनों पर भी विचार-विमर्श किया गया व दोपहर के सत्र में मेकिन्सी एंड कंपनी द्वारा जनरेटिव एआई के पर्चेज एवं अनुबंध प्रबंधन क्षेत्र में उभरते उपयोग और प्रभावों पर एक व्यापक प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी प्रतिभागियों को वैश्विक प्रौद्योगिकीय रुझानों से अवगत कराया। अंतिम सत्र में समझौता ज्ञापन, पीसीपी एवं गीईएम से संबंधित चुनौतियों तथा सामग्री प्रबंधन कार्यप्रणालियों की संचालन दक्षता में सुधार हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

## वाहनों में आग लगाने वाले गिरफ्तार

**भिलाई, 25 जुलाई।** भिलाई नंदिनी थाना अंतर्गत आपसी रंजिश के चलते घर और दो वाहनों में आग लगाने वाले दो आरोपियों को एक माह बाद नंदिनी थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार मरकाम और टोमेस पाटिल के खिलाफ धारा 326 (एफ), 109,61 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि नंदिनी टाउनशिप निवासी रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 26 व 27 जून की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सोया था उसके परिवार को जान से मारने की नियत से किसी ने घर में आग लगा दी। साथ ही बाहर खड़ी कार और स्कूटी में भी आग लगा कर भाग गए। गनिमत इतनी थी कि घर में आग लगते ही परिवार के सदस्य ने देख लिया और चिल्लाने पर सभी सदस्य उठ गए, जिससे उनकी जान बच गई बाहर खड़ी स्वीफ्ट कार और स्कूटी को आग लगा दी रामेश्वर और उसके पड़ोसी से पूछताछ की गई इसी आधार पर संदेही संदेही राजेश कुमार मरकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई कड़ी पूछताछ करने पर वह टूट गया और अपने साथी टोमेश पाटिल के साथ आगजनी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया पुलिस की पूछताछ में आरोपी राजेश ने बताया कि उसी के पड़ोस में रहता है दोनों में आए दिन विवाद होता था। इसलिए उसे गुस्सा था और पूरे परिवार का काम खत्म करने के चक्कर में घटना को अंजाम दिया पहले रामेश्वर के मकान के सामने कार और स्कूटी खड़ी थी, उसमें आग लगा दी इसके बाद रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा एवं उसके परिवार को जान से मारने की नियत से घर में आग लगाई पुलिस ने दोनों आरोपी राजेश कुमार मरकाम (51साल ) और टोमेश पाटलि (20 साल ) निवासी ग्राम कोकडी, हाल 200 यूनिट क्वार्टर नबंर 27 (सी) टाउनशिप थाना नंदिनी को गिरफ्तार कर लिया है ।

## पुलिस ने आरोपियों के पास से आईफोन,क्रेडिट,कार्ड जब्त किए





**अंबिकापुर, 25 जुलाई।** सरगुजा पुलिस ने अवैध सट्टे के कारोबार में लिप्त दो मास्टरमाइंड सटोरियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड, पैन कार्ड सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सट्टा के मास्टरमाइंड अमित मिश्रा उर्फ पहलू भी शामिल है जिसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज है।

प्रदेश में आज से बांटे जायेंगे सात लाख नए राशन कार्ड 10 अगस्त तक चलेगा वितरण, 31 लाख परिवारों को मिलेगा फायदा सरगुजा पुलिस के द्वारा म्युल अकाउंट की लगातार जानकारी इकट्ठी की जा रही थी। इसी कड़ी में साइबर सेल और कोतवाली थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई को पुख्ता सबूत मिलने के बाद इन आरोपियो को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सुनियोजित तरीके से क्रिकेट मैचों में लाखों-करोड़ों रुपये का सट्टा लगाकर अवैध धन अर्जित करने का प्रयास कर रहे थे। जांच के दौरान आरोपियों के मोबाइल फोन और दस्तावेजों से सट्टा खेलने और खिलाने के स्पष्ट सबूत मिले हैं आरोपियों ने अपने व्यक्तिगत खातों के साथ-साथ परिचितों के बैंक खातों का उपयोग सट्टे की रकम के लेन-देन में किया था। मुख्य आरोपी अमित मिश्रा उर्फ पहलू के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की जांच जारी है। सरगुजा पुलिस ने इस कार्रवाई को अवैध सट्टे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## सड़क किनारे मिली पूर्व सरपंच के बेटे की लाश

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर के नैला उपथाना क्षेत्र के सिवनी गांव के पूर्व सरपंच के बेटे की लाश सड़क किनारे मिली है। हालत देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि सिर पर चोट के निशान है।

मृतक का नाम अर्जुन चौहान है. घटना की सूचना के बाद नैला उपथाना कि, पुलिस मौके पर पहुंची है और स्वरु की टीम को सूचना दी गई है। युवक गुरूवार को घर से निकला था और आज उसकी लाश मिली है। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। जानकारी के अनुसार, लोगों ने सड़क किनारे लाश देखी, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इसके बाद नैला उपथाना की पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि युवक के सिर पर चोट के निशान हैं, जिसे देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। इधर, युवक कल हरेली त्योहार के दिन घर से निकला था और आज उसकी लाश मिली है। फिलहाल, मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## मां-बेटी की मौत की जांच जारी





**भिलाई, 25 जुलाई।** भिलाई बीएसपी के नंदिनी टाउनशिप में स्ट्रीट नंबर-36 के क्वार्टर में सोमवार की सुबह आग में झुलसने से ( 35 साल ) जागेश्वरी साहू व उसकी ( 7 साल ) बेटी दिव्यांशी साहू की मौत मामले में पुलिस की जांच जारी है मामला खुदकुशी का है पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें जागेश्वरी के हस्ताक्षर हैं और तनाव की वजह से खुदकुशी की बात लिखी गई है नंदिनी थाने पुलिस सुसाइड नोट को हैंडराइटिंग एक्सपर्ट से जांच कराने वाली है इसके बाद मामला और भी स्पष्ट हो जाएगा उल्लेखनीय है कि जागेश्वरी और उसकी बेटी का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। इसके बाद पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि, महिला ने एक दिन पहले ही अपने घर के सारे दस्तावेज, एटीएम व अन्य सामान झोला में भरकर पड़ोसी के घर में छोड़ दिया था बताया था कि वे लोग मंगलवार को गांव जाने वाले हैं पड़ोसी ने पुलिस को यह भी बताया कि जब भी सीताराम का परिवार गांव जाता था तो चोरी आदि के भय से इसी तरह आवश्यक कागजात व अन्य सामान हमारे घर में ही छोड़कर जाते थे पुलिस ने दस्तावेज को खंगाले तो उसमें जागेश्वरी के हस्ताक्षर वाला एक सुसाइड नोट भी मिला इसकी पुष्टि पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट में जागेश्वरी की हैंडराइटिंग है अथवा नहीं इसकी जांच कराई जा रही है इधर चर्चा है कि जागेश्वरी इस बात को लेकर भी तनाव में भी कि उसका पति उसे तलाक नहीं देना चाह रहा था वहीं वह स्वयं तलाक चाहती थी।

## असमय बुझ गए तीन घरों के चिराग, दो युवकों की मौत

**बैकुण्ठपुर।** जिले के नेशनल हाइवे-43 पर खरवत चौक में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक छात्रा और 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में चरचा क्षेत्र के दो युवक और रामपुर आनी की एक युवती शामिल हैं।

मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इन तीनों को एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर जैसे ही परिजन तक पहुंची, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। 23-24 जुलाई की दरम्यिानी रात्रि करीब 1 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से खरवत चौक पर रुपनगर चरचा निवासी आशीष व अमित चेरवा एवं एकता खाखा निवासी रामपुर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका एकता कक्षा 11 वीं की छात्रा थी। हादसा इतना भीषण रहा कि घटनास्थल पर टूटी स्पोर्ट्स बाइक, बिखरा सामान और रक्तरंजित दृश्य इस टक्कर की भयावहता को दर्शा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय बाइक सड़क किनारे क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी थी और युवक-युवती के शव पास में ही थे। आस पास कोई वाहन मौजूद नहीं था, जिससे स्पष्ट है कि टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। चरचा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है, ताकि आरोपी वाहन की पहचान की जा सके। बताया जा रहा है कि तीनों किसी दोस्त के जन्म दिन से वापस लौट रहे थे। स्थानीय नागरिकों ने इस दर्दनाक हादसे के बाद प्रशासन से एनएच-43 पर तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी और सड़क सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है।

## अंबिकापुर में नदी में बहे 6 लोग, कई गांवों का टूटा संपर्क



**अंबिकापुर,25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश का कहर जारी है. जहां एक ओर नदी पर करते अंबिकापुर में 6 लोग बह गए. वहीं नारायणपुर में लगातार बारिश की चलते 80 से 85 गांव का संपर्क टूट गया है।

अंबिकापुर में तेज बारिश का कहर लगातार जारी है. इसी बीच दरिमा थाना इलाके के नवा नगर में पुलिया बह जाने से तीन बाइक सवार नदी में बह गए. इन तीन बाइकों में कुल सात लोग सवार थे, जिसमें 6 लोग लापता हो गए। वहीं नारायणपुर जिला के अबूझमाड़ के ब्लॉक ओरछा में बारिश की चलते 80 से 85 गांव का जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क टूट गया. वहीं पिनगुंडा नाला में जल भराव की स्थिति है. इसके अलावा यात्री बस के पहिए भी थम गए है. रायपुर ने 25-26 जुलाई को रायपुर-बिलासपुर समेत कुल 33 जिलों को रेड अलर्ट किया है. इस दौरान दक्षिणी और उत्तरी छत्तीसलगढ़ के जिलों को ज्यादा सावधान रहने को कहा गया है. बताया गया है कि इन दो दिनों में पूरे छत्तीसगढ़ में रिकॉर्ड तोड़ बारिश होने की संभावना है.

## मंदिर,क्लीनिक से चोरी करने वाला पकड़ाया



**भिलाई, 25 जुलाई।** भिलाई मंदिर की दानपेटी और डॉक्टर के क्लीनिक से नगदी रकम चोरी करने वाले आरोपी को खुर्सीपार थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज पुलिस की मददगार साबित हुई खुर्सीपार टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि गौतम सिंह कौशिक ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 जुलाई की रात अज्ञात चोर क्लीनिक का शटर को किनारे से तोड़कर दराज में रखे नगदी रकम को चोरी कर लेकर ले गया प्रार्थी जयशंकर चौधरी ने भी बताया कि उसी घटना दिनांक को मंदिर में रखे दानपेटी को तोड़कर अज्ञात चोर नगदी रकम चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 331 (4), 305 (क) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान आस पास के सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर एक संदेही को रात में अकेला घूमते देखा गया संदेही आरोपी को थाना लाकर पूछताछ की गई उसने अपना नाम कुलदीप कौशिक (22 साल )निवासी खुर्सीपार ने चोरी करना स्वीकार किया

## ग्रामोद्योग कार्यों का निरीक्षण कर बोर्ड अध्यक्ष ने की सराहना



**धमतरी, 25 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्री राकेश पांडेय ने बीते बुधवार को विकासखंड कुरूद अंतर्गत ग्राम पंचायत नारी और कोकड़ी का भ्रमण कर वहां संचालित ग्रामोद्योग गतिविधियों का निरीक्षण किया।

यह भ्रमण जिला कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशन और जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान श्री पांडेय ने हथकरघा, माटीकला, रेशम धागाकरण सहित विभिन्न पारंपरिक एवं लघु उद्योगों के संचालन को देखा और सराहना की। उन्होंने इन कार्यों को महिला सशक्तिकरण, नवाचार और स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण बतायापांडेय ने कहा कि ग्रामोद्योग से न केवल ग्रामीणों की आय में वृद्धि होती है, बल्कि यह स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का भी माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर ग्राम पंचायत में कम से कम एक ग्रामोद्योग इकाई स्थापित हो, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो।निरीक्षण के दौरान ग्रामोद्योग विभाग रायपुर के उप संचालक श्री पंकज अग्रवाल, पंचायत विभाग धमतरी के उप संचालक, जनपद पंचायत कुरूद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बोर्ड अध्यक्ष को ग्राम स्तर पर चल रही गतिविधियों, समूहों की भागीदारी, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा उत्पाद विपणन की जानकारी दी।

पांडेय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के अन्य ग्रामों में भी इसी तर्ज पर इकाइयां विकसित की जाएं और स्व-सहायता समूहों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और विपणन के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने आने वाले समय में धमतरी जिले में कई नई ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना की संभावना जताई, जिससे विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त किया जा सकेगा यह निरीक्षण न केवल वर्तमान कार्यों की समीक्षा का अवसर रहा।

### शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के लिए दिए गए किट का बेहतर उपयोग करें : कलेक्टर

**जशपुरनगर, 25 जुलाई ।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने बुधवार को कुनकुरी विकास खंड के प्राथमिक स्कूल में संपर्क स्मार्ट स्कूल कार्यक्रम के तहत शिक्षक प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और शिक्षकों को अच्छे से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जशपुर प्रवास के दौरान प्राथमिक स्कूल बगिया से 28 जून को प्रारंभ किए गए 'संपर्क स्मार्ट स्कूल - स्मार्ट ब्लॉक' कार्यक्रम की अगली कड़ी में कलेक्टर ने शिक्षकों से संवाद करते हुए स्मार्ट टीवी, संपर्क स्मार्ट डिवाइस एवं गणित और अंग्रेज़ी की टीएलएम किट के शैक्षणिक उपयोग की जानकारी प्राप्त की।

## हरेली पर्व पर नारियल फेंक प्रतियोगिता हुई



**कवर्धा, 25 जुलाई।** नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं नगर पालिका परिवार के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पहले त्यौहार हरेली के पावन अवसर पर कवर्धा में एक अनोखी और रोमांचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, विश्वहिंदू परिषद के चंद्रशेखर वर्मा उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हरेली पर्व पर नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम का आनंद लेकर नारियल फेंका कार्यक्रम की शुरुवात कर सभी कवर्धा वासियों को हरेली पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दिए साथ ही प्रदेश की खुशहाली की कामना की । उन्होंने कहा कि हरेली केवल एक पर्व नहीं, यह छत्तीसगढ़ की आत्मा है। यह त्यौहार हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है खेत, किसान, बैल, हल, और हर वह चीज़ जो हमारी पहचान बनाती है। जब हम विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, तब यह जरूरी है कि हम अपनी सांस्कृतिक नींव को न भूलें। हरेली जैसे पर्व हमें याद दिलाते हैं कि परंपरा और प्रगति साथ चल सकती है।

## नक्सलवाद की रात ढल रही है, बस्तर में विकास की नई सुबह:साय



**रायपुर, 25 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि बस्तर में नक्सलवाद की रात अब ढल रही है और विकास की नई सुबह का उदय हो चुका है। डबल इंजन सरकार के समग्र और समावेशी प्रयासों का यह परिणाम है कि आज बस्तर रेंज में ?2.54 करोड़ के इनामी 66 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ने का संकल्प लिया है। इनमें 25 लाख के इनामी एसजेडसीएम (स्टैरू) रामन्ना ईरपा उर्फ जगदीश का आत्मसमर्पण शामिल है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक ही दिन में बीजापुर से 25, दंतेवाड़ा से 15, कांकेर से 13, नारायणपुर से 8 और सुकमा से 5 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर वे अब हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़ने को तैयार हुए हैं।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बीते 18 महीनों में कुल 1,570 माओवादी कैडर आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। यह हमारे शासन की पारदर्शी नीतियों, नागरिक-हितैषी कार्यप्रणाली और पुनर्वास के प्रति ईमानदारीपूर्ण दृष्टिकोण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन सामाजिक और आर्थिक पुनर्निर्माण के समर्पित प्रयासों का परिणाम है।उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बस्तर के दूरस्थ और अत्यंत संवेदनशील क्षेत्रों में एक साथ सुरक्षा और विकास का कार्य कर रही है। सड़कों का विस्तार, पेयजल व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को नक्सल प्रभावित इलाकों में पहुँचाया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी नीति बस्तर के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है। हम आत्मसमर्पण कर रहे नक्सलियों के भविष्य को संवारने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

### 28 को निकलेगी पालकी महाकाल सरकार की

**भिलाई, 25 जुलाई।** पालकी महाकाल सरकार की आगामी 28 जुलाई को बैकुंठ धाम से निकलेगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने शिव प्रेमियों के लिए भक्ति से जुड़ने का अनुपम अवसर प्रदान करते हुए सभी भक्तजनों को सादर आमंत्रण देकर यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया है ।

## संपादकीय

### दोनों देश को फायदा होगा

पीएम नरेंद्र मोदी की ब्रिट्रेन की यात्रा के दौरान भारत व बिट्रेन के बीच ऐतिहासिक फ्री ट्रेड डील हुई है। इससे दोनों देशों को कई क्षेत्रों में फायदा होगा। इस समझौते के लिए भारत व ब्रिट्रेन के बीच तीन साल से बातचीत चल रही थी। इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का वैसे तो बड़ा महत्व है लेकिन इस एग्रीमेंट का महत्व इसलिए ज्यादा बढ़ जाता है कि जब अमरीका के साथ भी ट्रेड एग्रीमेंट होनी है लेकिन अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के कारण इसमें निरंतर देरी हो रही है। अमरीका भारत को ट्रेड डील के लिए झुकाने का प्रयास कर रहा है, वह कई तरह से दवाब बनाने का प्रयास कर रहा है। उसने नाटों देशों के जरिए भारत पर बैन लगाने का प्रयास किया, भारत को डराने का प्रयास किया गया कि वह रुस से तेल लेना बंद नहीं करेगा उसे इसका खामियाजा बैन के रूप में भुगतना पड़ेगा। बदले में भारत ने नाटो देशों को जो तेल भेजा जाना था, उसे दक्षिण अफ्रीकी देशों को भेज दिया इससे नाटो देशों ने बैन वापस ले लिया है।अमरीका भारत को पिछले कई महीनों से अपने दवाब में लाने का प्रयास कर रहा है लेकिन भारत उसके दवाब में नहीं आ रहा है, वह वही कर रहा है जो देश के हित में है। अमरीका उम्मीद कर रहा था जब वह भारत का कई तरह विरोध कर रहा है तो कोई देश भारत के साथ ट्रेड डील करने की सोचेगा भी नहीं। लेकिन पीएम मोदी की विश्व कूटनीति के चलते ट्रंप को कई बार असफलता का सामना करना पड़ा है। यह तो स्वाभाविक है कि दोनों के बीच डील हो गई है तो बहुत सारी वस्तुएं दोनों देशों मे ंसस्ती होगी। लोग ज्यादा खरीदारी करेंगे,उपभोग बढ़ेगा तो इससे उत्पादन बढ़ेगा औरे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। यह डील विश्व के तमाम देशों को संदेश है कि अमरीका से डरने की जरूरत है, अमरीका के बिना भी देश आपस में व्यापार कर सकते है, अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं। अब तक धारणा यह थी कि विश्व में अमरीका की मर्जी के खिलाफ कोई कुछ नहीं कर सकता। ऐसी स्थिति में कोई नहीं करता है जब अमरीका किसी देश के विरोध में खड़ा है। पीएम मोदी ने यह धारणा तोड़ दी है और ट्रंप को संदेश दे दिया है कि भारत के लिए देश हित पहले हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप किसी जरुरी काम को पूरा करने में सफल रहेंगे साथ ही किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आज आपके दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी, माता - पिता का आशीर्वाद बना रहेगा। आप अपनी इच्छा शक्ति मजबूत करके अपने सपनों को पूरा करने में सफल रहेंगे। आज आप सरकारी योजनाओं का सहारा लेकर करियर में आगे बढ़ने पर विचार कर सकते हैं।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप पिता के साथ व्यापार में हाथ बटाएंगे, जिससे उन्हें खुशी मिलेगी। इस राशि के सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वाले छात्रों को जल्द ही सफलता मिलेगी, लेकिन अभी मेहनत करने की जरुरत है। शादीशुदा रिश्तों में तालमेल बना रहेगा और आज आप परिवार के साथ बैठकर इंजॉय करेंगे।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए मिली ङ्क जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप बिजनेस के लेन ङ्क देन में थोड़ी सतर्कता अवश्य बरतें। आज नेटवर्क मार्केटिंग करने वालों को नए क्लाइंट मिलेंगे, जिससे आपको बड़ा मुनाफा होगा। आज आप माता ङ्क पिता को बाहर घूमाने ले जा सकते हैं, उनको खुशी मिलेगी। आज आपका अधिकतर समय पढ़ने -लिखने में व्यतीत होगा, जिससे आपकी नॉलेज भी बढ़ेगी।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जो आपकी तरक्की में सहायता करेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा और आज बच्चे भी मन लगाकर पढ़ाई करेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा, आज आप खुद को बेहतर महसूस करेंगे। आज आपके घर पर अचानक मेहमानों का आगमन हो सकता है, पुरानी यादें तरोताजा होंगी।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहने वाला है। आज आप इन्वेस्टमेंट का प्लान बना सकते हैं और आज आपको अच्छा ऑफर मिलने की संभावना है। आज आप सामाजिक कार्य में अपनी रुचि दिखायेंगे और आज आपकी मुलाकात अनुभवी व्यक्तियों से होगी। आज आपको ससुराल पक्ष से खुशखबरी मिलेगी, जिससे घर में आनदं बना रहेगा।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आप पार्टनरशिप में किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आपको बढ़िया धन लाभ होगा। आज आप माता ङ्क पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने जा सकते हैं, जहां आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप किसी दोस्त से अपने मन की बात कर सकते हैं, जिससे आपका मन हल्का होगा।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपके बिजनेस में बड़ा धन - लाभ होगा और परिवार का माहौल भी खुशनुमा बना रहेगा। आपके दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के हेल्थ केयर से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज अनुभवी डॉक्टरों से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। अगर आपका पैसा मार्केट में अटका हुआ है तो, आज वो आपको वापस मिल जायेगा।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। व्यापारिक दृष्टी से आज सब ठीक रहेगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। आज परिवार के प्रति आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, धैर्य और संयम बनाएं रखें। इस राशि के छात्र टेस्ट पेपर में अच्छे अंक प्राप्त करेंगे, जिससे पेरेंट्स को गर्व होगा। आज पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है, ये मुलाकात आपके किसी काम में सहायक सिद्ध होगी।

**धनु:** आज आपका दिन नयी संभावनाओ से भरा रहेगा। आज आपके व्यवसाय में सुधार होगा और परिवार के साथ समय बिताने का आपको मौका मिलेगा। शादीशुदा रिश्तों में खुशियां आएंगी , बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आपकी जिन्दगी में किसी नए व्यक्ति का प्रवेश हो सकता है, जो भविष्य में आपके बहुत काम आयेगा। यदि आज आप इन्वेस्ट करने के बारें में सोच रहे हैं, तो आज आपको प्रॉपर्टी से रिलेटेड ऑफ़र मिलने के संकेत बन रहें हैं।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए अच्छा बना रहेगा। इलेक्ट्रिक बिजनेस करने वाले आज दोगना लाभ कमायेंगे और अपने व्यापार को आगे बढ़ाएंगे। आज किसी रिश्तेदार की मदद से आपका रुका हुआ काम कंप्लीट हो जायेगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। इस राशि के छात्र आज रचनात्मक कार्यों को करने में वक्त बितायेंगे और वो किसी कॉम्पटीशन में पार्टिसिपेट कर सकते हैं।

**कुम्भ:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें जीवनसाथी का पूरा सपोर्ट मिलेगा। आज आप नेगेटिव चीजों से दूरी बनाकर रखें और सारा ध्यान अपने काम में लगायें। आज स्टूडेंट स्कूल में नए फ्रेंड बनायेंगे जिससे उनको खुशी मिलेगी। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने के योग बन रहें हैं, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपको व्यापारिक लेन - देन में मुनाफा होने के साथ - साथ बड़ा आर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से आज आपको मंहगा उपहार प्राप्त हो सकता है, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज अगर आप किसी काम के लिए जा रहें हैं, तो अपने डॉक्यूमेंट को एक बार अच्छे से चेक कर लें।

कारगिल विजय दिवस पर विशेष

# देश के वीर सैनिकों के बलिदान की तुलना में हम कहां हैं?

✍ डॉ. प्रितम भि. गेडाम



देश के वीर सैनिक देश का गौरव हैं, जो देश की रक्षा के लिए सदैव कर्तव्य पथ पर तैनात रहते हैं। चाहे कैसी भी आपदा या संकट हो, वे डरते नहीं हैं; चाहे चिलचिलाती धूप हो या खून जमा देने वाली ठंड, घने जंगल हो, ऊँचे पहाड़ हो या मानसूनी तूफान, देश का सैनिक अपनी भूमिका बखूबी निभाता है। कई स्थितियों में भूखे-प्यासे रहकर, असुविधाओं से जूझकर, मौत को आगे देखकर भी वह जवान कभी पीछे नहीं हटते, बहादुर सैनिक अपने कर्तव्य और देश की रक्षा के लिए शहीद हो जाते हैं। देश के वीर सैनिकों के प्रति जो सम्मान, आदर और गर्व हमारे मन में है, क्या उतना ही सम्मान देश के वीर सैनिकों के मन में हमारे लिए है? देश में हर दिन नए विवाद और नई समस्याएँ उत्पन्न होती नजर आती है। संगीन अपराधो का ग्राफतो ऐसा तेजी से बढ़ रहा है कि, छोटे-छोटे बच्चे भी उनमें सक्रीय नजर आते है। रिश्तों को कलंकित करने वाली घटनाएं तो अब रोजाना ही देखने-सुनने मिलती है। लोगों के लिए मर्यादा, पवित्रता, सत्यनिष्ठा, कर्तव्यपरायणता, विश्वसनीयता, सहनशीलता, स्वाभिमान, आत्मसन्मान जैसे शब्दों का मोल खत्म होकर लालच, द्वेष, उग्रता, धोखाधड़ी, झूठ, दिखावा, भ्रष्टाचार, अश्लीलता, चापलूसी, जालसाजी, कथनी-करनी में अंतर और स्वार्थ आ गया है। हर कोई अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण, समाज और देश को अनावश्यक रूप से खोखला करने का प्रयास कर रहा है। देश में लोगों की ऐसी परिस्थिति को देखकर वीर जवान को क्या महसूस होता होगा? क्या कभी लोगों के मन में वीर जवानों की भांति जीने का ख्याल नहीं आता।

1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय के उपलक्ष्य में कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिवस उन भारतीय सैनिकों की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करता है जिन्होंने पाकिस्तानी सेना द्वारा कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को पुनः प्राप्त करने के लिए लड़ाई लड़ी थी। कारगिल विजय दिवस चुनौतीपूर्ण ऊँचाई वाली परिस्थितियों में लड़ने वाले जांबाज भारतीय सैनिकों के साहस, वीरता और बलिदान को दर्शाता है। यह दिवस भारत की अपनी संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। कारगिल विजय दिवस राष्ट्रीय गौरव और



स्मरण का दिवस है, जो वीरता और बलिदान की कहानियों से भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता है। देश में ऐसे विजय दिवस हमें हर पल प्रेरित करते है, साथ ही यह भी गौरव होता है कि देश की सुरक्षा भारतीय सैनिकों के हाथों में महफूज़ है। लेकिन उनकी तुलना में जब हम अपने आसपास का वातावरण देखते है तो लगता है कि क्या, हम जैसे स्वार्थी लोगों के लिए देश का जवान सरहद पर इतनी तकलीफे सहता है।

नेता चुनाव के बाद 5 साल होते ही फिर जनता के बीच जाकर अभिनय कला शुरू कर देते है और चुनाव खत्म होते ही पूर्व की भांति हो जाते है, कई नेता तो चुनाव के प्रचार के वक्त आम जनता के घर, खेत और कार्यस्थल में जाकर भी लोगों के काम में हाथ बटाते हुए मीडिया में छाए नजर आते है। जनता को भोला कहे या मूर्ख, जनता जिस नेता को जनप्रतिनिधि चुनकर जनकल्याण के लिए 5 साल के कार्यकाल के लिए ऊंचे-ऊंचे पद पर विराजमान करती है, अगर वह नेता योग्य नीति से जनकल्याण कार्य करने में असफल होता है तो, उस नेता से जवाब पूछने में चुनकर देनेवाली जनता खुद ही डरती है। कितने लोग अपने नेता, सांसद, विधायक, पार्षद या अपने इलाके के संबंधित जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछते हैं या जवाब मांगते हैं? एक नेता जितना ऊंचा पद धारण करता है, वह जनता के प्रति उतना ही अधिक जिम्मेदार और जवाबदेह होता है। अगर देश के नेता अपनी जिम्मेदारी और फर्ज को पूरी सत्यनिष्ठा और देशप्रेम से वीर जवानों की भांति निभाए, तब देश में कोई समस्या ही नहीं रहेगी।

मैं अपने जीवन के छोटेसे अनुभव को आप सभी के साथ सांझा कर रहा हूँ, मैं महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त करने के दौरान राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स का भी छात्र रहा, तब हम छात्र सैन्य कैंप में जाकर बहुत कुछ सीखते थे, दिसंबर की ठंड में जंगल के उस एनसीसी कैंप में रात भर हर छात्र की ड्यूटी 2 घंटे के लिए टेंट के बाहर सुरक्षा के तौर पर लगायी जाती थी, रात के 1 बजे या 3 बजे हो छात्र को नींद से जागकर, पूरी वर्दी पहनकर, तैयार होकर टेंट के बाहर हमें संत्री की ड्यूटी करनी पड़ती थी। 25 किलोमीटर लगातार जंगल ट्रैकिंग करना, अपने-अपने टेंट की जमीन को रोज गोबर से पोतना, विविध स्पर्धाओं में भाग लेना। सुबह 5 बजे उठकर, तैयार होकर रिपोर्टिंग करना, रोज बिना शिकायत के अपना पूरा काम खुद करना, तय समय पर नास्ता, दोपहर और रात का खाना खुले घास के मैदानों में बैठकर करना। दिनभर के काम से शरीर इतना थक जाता था कि लेटते ही गहरी नींद लग जाती थी, थोडीसी भी गलती पर सख्त सजा मिलती थी। देश के कोने-कोने से आने वाले छात्र अपनी विविध कला-कौशल का बेहतर प्रदर्शन करते थे। सामूहिक कार्य, सद्भावना, देशप्रेम, तत्परता, निष्ठा, लगन, मेहनत, समर्पण भाव का एक अनूठा संगम देखने मिलता था और उसका एक भाग बनकर गर्व होता था। वो दिन मुझे जीवन में बहुत कुछ सीखा गए, जीवन में नियम और अनुशासन बेहद जरुरी है।

समस्याओं की जड़ को समझने के बजाय लोग बाहरी आवरण को देखकर या झूठे दिखावे का शिकार होकर अपनी धारणाएं बनाकर समस्याओं को अधिक बढ़ा देते हैं। प्रत्येक के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएँ और योग्यता के अनुसार रोज़गार या व्यवसाय सेवा, एक मज़बूत देश की पहचान हैं। अपने जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक हुए बिना हम बेकार की चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और आपस में लड़ते-झगड़ते हैं, जिनका हमारे जीवन से कोई संबंध नहीं होता। विश्वास नहीं होता लेकिन, समाज में 8-11 साल के बच्चे 4-5 साल की बालिका के बलात्कार में दोषी होने की घटनाएं हो रही है। अभिभावकों को बच्चों के साथ या उनके सामने कैसा व्यवहार करना है, यह तक पता नहीं है। मोबाइल, सोशल मीडिया, फैशन ने बच्चों से उनका बचपन, मासूमियत छीन ली है। वीर शहीद जवानों, महापुरुषों, क्रांतिकारी देश भक्त, समाज सुधारकों, पराक्रमी राजा-महाराजाओं की प्रेरणात्मक गाथा को जानने के लिए बजाएं आजकल फिल्मी सितारों, ऑनलाइन गेम्स, टाइम-पास मनोरंजन, फूहड़ता को देखने-जानने के लिए अपना कीमती समय गवांते हैं। लोग सिर्फ़ जीभ के स्वाद के लालच के कारण अस्वास्थ्यकर भोजन पसंद करते हैं। मानवीय आलस्य, नशाखोरी, प्रदूषण और मिलावट ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कमज़ोर कर दिया है, लेकिन लोग स्वास्थ्य महत्व नहीं देते, जो सबसे ज़रूरी बात है।

स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस जैसे एक दिन के लिए हम आम लोगों में देशभक्ति जागती है, खूब तिरंगे खरीदकर घूमते-फिरते, रैली निकालते है, देशभक्ति के गानों में सराबोर हो जाते है, खूब इंजॉय करते है और दूसरे दिन हमारे आसपास सड़कों पर, कूड़े में, जहा-तहा वे तिरंगे ध्वज खराब अवस्था में पड़े हुए होते है। देश के तिरंगे ध्वज को इतना सस्ता ना बनाओ कि खिलौने की भांति खेलकर दूसरे दिन वह कूड़े में मिलें। ध्वज की कीमत पैसे से नहीं अपितु देश के सम्मान से है, जिसकी कोई कीमत नहीं हो सकती। इसी तिरंगे की रक्षा और सम्मान की खातिर वीर जवान बलिदान देता है, फिर उस जवान की तुलना में हम लोग कहा है। आजादी का यह पर्व हमें किन स्थितियों में, कितने त्याग, संघर्ष और बलिदानों के बाद मिला, क्या कभी इसका एहसास हमारे मन-मस्तिष्क को झंझोड़ता है? आजादी के लिए असंख्यों ने अपना सब कुछ खो दिया ताकि हम लोग यह दिन देख सकें। देश के प्रत्येक नागरिक, नेता हो या मामूली कर्मचारी, मालिक हो या नौकर, व्यवसायी हो या मजदूर सबने अपने जीवन के कुछ साल देश सेवा के लिए सैनिक के रूप में जरूर देना चाहिए, ताकि अनुशासन, देशभक्ति और कर्तव्यपरायणता का असल मतलब जान पाएं।

*मोबाईल/व्हॉट्सप-082374-17041*
*prit00786@gmail.com*

राजनीतिक गलियारा

# तालिबान शासन को मान्यता, भारत के समक्ष चुनौतियां

✍ गिरीश पांडे

हाल में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार को रूस की ओर से आधिकारिक मान्यता मिल गई है। चीन, संयुक्त अरब अमीरात और दूसरे कई देशों की राजनयिक इंगेजमेंट के बावजूद रूस दुनिया का पहला देश बन गया है, जिसने अफगानिस्तान को राजनयिक मान्यता प्रदान कर दी है। इसे हम रूस का वैंकिमंच पर अप्रत्याशित और निर्णायक कदम कह सकते हैं।

यह कदम ऐसे समय उठा है जब अमेरिका, भारत और यूरोप जैसे प्रमुख देश अब भी तालिबान शासन को मान्यता देने से परहेज कर रहे हैं। रूस के इस कदम के पीछे कई रणनीतिक कारण निहित हैं। मसलन, रूस, पश्चिमी दबावों से मुक्त होकर स्वतंत्र शक्ति संतुलन स्थापित करना चाहता है। अफगानिस्तान, मध्य एशियाई गणराज्यों की सीमा पर स्थित है, जहां रूस की पारंपरिक पकड़ रही है। तालिबान से संपर्क इसी विस्तार का हिस्सा है। रूस के निर्णय का असर अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया और राजनीति पर इसका असर पड़ने की संभावना है। 1979 में सोवियत सैनिकों के अफगानिस्तान में दखल के बाद से लेकर 1989 तक मिखाइल गोर्बाचोव के अपनी सेना वापस बुलाने तक अफगानिस्तान और रूस जटिल ऐतिहासिक द्विपक्षीय संबंधों में उलझे रहे।



*तालिबान से संपर्क इसी विस्तार का हिस्सा है। रूस के निर्णय का असर अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया और राजनीति पर इसका असर पड़ने की संभावना है। 1979 में सोवियत सैनिकों के अफगानिस्तान में दखल के बाद से लेकर 1989 तक मिखाइल गोर्बाचोव के अपनी सेना वापस बुलाने तक अफगानिस्तान और रूस जटिल ऐतिहासिक द्विपक्षीय संबंधों में उलझे रहे।*

हालांकि, 20 साल बाद अप्रैल, 2025 में रूस ने तालिबान को आतंकी संगठन की लिस्ट से हटाया था और इसके बाद अफगानिस्तान के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा था। अफगानी क्षेत्र में ट्रासपोर्ट कॉरिडोर ऐसी ही एक संभावना है। कहा यह भी जा रहा है कि रूस को आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासन प्रांत (आईएसकेपी) के मद्देनजर तालिबान से सुरक्षा सहयोग की दरकार है। इस समूह ने रूस में पिछले साल आतंकी हमले को अंजाम दिया था और जिसमें 130 लोग मारे गए थे। इसलिए रूस ने इस बार यह महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है।

ध्यान देने की बात है कि अगस्त, 2021 में अमेरिका और नाटो के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। तब तालिबान ने कहा था कि वह अफगानिस्तान में लिबरल शासन चलाएगा, लेकिन उसके बाद उन्होंने कड़े शिया कानून लागू कर दिए। महिलाओं के प्रति कड़ी भेदभाव वाली नीतियों की वजह से पश्चिम के देशों ने तालिबान को राजनयिक तौर पर अलग-थलग रखा है। जानकार कहते हैं कि अब चीन भी रूस के नक्शेकदम पर चलेगा और अफगानिस्तान को मान्यता देने के बारे में सोचेगा। वैसे भी अभी रूस और चीन की 'अनिलमिटेड दोस्ती' चल रही है।

जहां तक भारत का संबंध है, रूस के इस निर्णय से भारत के समक्ष कुछ चुनौतियां और विकल्प उभरते हैं। पहला तो यही है कि रूस भारत का पारंपरिक सहयोगी रहा है। रूस द्वारा तालिबान को मान्यता देना भारत के हितों के विपरीत प्रतीत हो सकता है, विशेषकर जब अफगानिस्तान से आतंकवाद की आशंका बनी हुई हो। इसके अलावा, रूस, ईरान, चीन और पाकिस्तान का तालिबान से व्यवहार भारत के लिए अलग-थलग पड़ने की स्थिति पैदा कर सकता है, और तालिबान की सत्ता में मजबूती, जम्मू-कश्मीर में कट्टरपंथी ताकतों को परोक्ष समर्थन दे सकती है। इसलिए अभी भारत का तालिबान के साथ सॉफ्ट एंगेजमेंट चल रहा है, और तालिबान के साथ बिना उसे औपचारिक मान्यता दिए सीमित और नियंत्रित संवाद जारी हैं।

भारत, अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति की भी बराबर निगरानी कर रहा है। अफगानिस्तान को लेकर भारत का दृष्टिकोण हमेशा ही अफगान के लोगों के साथ दीर्घकालिक और विशेष मित्रता से प्रेरित रहा है, और साथ ही एक दीर्घकालिक साझेदार के रूप में अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में भारत का हित सीधे जुड़ा है। अफगानिस्तान के साथ अपने पुराने संबंधों पर जोर देते हुए भारत ने युद्धग्रस्त देश की मानवीय और विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने की सदैव ही प्रतिबद्धता जताई है।

यह तब खास हो जाता है, जब चीन और पाकिस्तान अफगानिस्तान में सक्रिय हैं। अफगान जनता के बीच विशेषकर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में भी भारत की साख यथावत बनी रहनी चाहिए। सरकार को जहां आतंकवाद-निरोधक तंत्र और खुफिया संपर्क को मजबूत करना होगा, वहीं रूस, ईरान और मध्य एशिया के साथ संवाद तेज कर एक संतुलित कूटनीति भी अपनानी होगी। यहां यह भी ध्यान में रखना जरूरी होगा कि रूस द्वारा तालिबान को मान्यता देना केवल कूटनीतिक घटना नहीं है, यह संकेत है इस बात का कि वि व्यवस्था पुन॰ आकार ले रही है। भारत को नये परिदृश्य में सजग, सक्रिय और संतुलित रह कर अपना मार्ग चुनना होगा ताकि अपने हितों की रक्षा करते हुए क्षेत्रीय स्थिरता में भी योगदान दे सके।

## पैकेज्ड स्नैक्स में होती हैं ये पांच खतरनाक सामग्री,खरीदने से पहले जरूर पढ़ें लेबल

पैकेज्ड स्नैक्स का सेवन करना कई लोगों को पसंद होता है क्योंकि यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ आसानी से उपलब्ध भी होते हैं। हालांकि, इन स्नैक्स में कई ऐसी चीजें होती हैं, जो सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकती हैं। आइए आज हम आपको उन चीजों के बारे में बताते हैं, जो पैकेज्ड स्नैक्स में मौजूद होती हैं और जिनका सेवन सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है इसलिए इनसे युक्त स्नैक्स का सेवन करने से बचें।

**माल्टोडेक्सट्रिन :** माल्टोडेक्सट्रिन एक प्रकार का कार्बोहाइड्रेट है, जो पैकेज्ड स्नैक्स में अक्सर इस्तेमाल होता है। यह सफेद पाउडर की तरह दिखता है और इससे स्नैक्स को अधिक मीठा और स्वादिष्ट बनाया जाता है। हालांकि, माल्टोडेक्सट्रिन का सेवन शरीर में तेजी से शुगर के स्तर को बढ़ा सकता है, जिससे शुगर के स्तर में अचानक वृद्धि हो सकती है। इससे मधुमेह का खतरा बढ़ सकता है, इसलिए इसके सेवन से सावधानी बरतनी चाहिए।

**आर्टिफिशियल बटर फ्लेवर :** कई पैकेज्ड स्नैक्स में मक्खन का स्वाद देने के लिए आर्टिफिशियल बटर फ्लेवर का इस्तेमाल किया जाता है। यह स्वादिष्ट होने के साथ सस्ता भी होता है, लेकिन इसके सेवन से सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। आर्टिफिशियल बटर में ट्रांसफैट हो सकता है, जो दिल की बीमारियों और मोटापे का कारण बन सकती है। इसलिए पैकेज्ड स्नैक्स खरीदने से पहले उनके लेबल को ध्यान से पढ़ें और कोशिश करें कि जो स्नैक्स प्राकृतिक चीजों से बने हों।

**मॉडिफाइड फूड स्टार्च :** मॉडिफाइड फूड स्टार्च एक प्रकार का कार्बोहाइड्रेट है, जो पैकेज्ड स्नैक्स में इस्तेमाल होता है। इसे बनाने के लिए आलू, मक्का या अन्य स्टार्चयुक्त सब्जियों का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, इस स्टार्च को




रसायनिक प्रक्रिया के जरिए बदला जाता है, जिससे इसके पोषण मूल्य कम हो जाते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद रसायन सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए इसके कारण होने वाली समस्याओं से बचने के लिए कम से कम पैकेज्ड स्नैक्स का सेवन करें।

**सोडियम नाइट्राइट :** सोडियम नाइट्राइट एक प्रकार का संरक्षक है, जो पैकेज्ड स्नैक्स को लंबे समय तक खराब होने से बचाता है। हालांकि, यह रसायन सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है और इससे कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा सोडियम नाइट्राइट का सेवन करने से अन्य कई स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं, जैसे कि पेट में जलन, उल्टी और दस्त। इसलिए पैकेज्ड स्नैक्स खरीदने से पहले उनके लेबल को ध्यान से पढ़ें।

**पोटेशियम ब्रोमेट :** पोटेशियम ब्रोमेट एक रसायन है, जो कई पैकेज्ड स्नैक्स में इस्तेमाल होता है। यह स्नैक्स को कुरकुरा बनाता है और उन्हें अधिक आकर्षक दिखाता है। हालांकि, इसमें मौजूद रसायन सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं और इससे पाचन तंत्र पर बुरा असर पड़ सकता है। इसके अलावा पोटेशियम ब्रोमेट का सेवन करने से पेट में जलन, उल्टी और दस्त जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए पैकेज्ड स्नैक्स खरीदने से पहले उनके लेबल को ध्यान से पढ़ें।

# मानसून के दौरान रूसी से परेशान हैं? इन 5 घरेलू उपायों को अजमाएं

मानसून का मौसम अपने साथ कई समस्याएं लाता है, जिनमें से एक है रूसी। मानसून में अधिक नमी के कारण सिर की त्वचा में खुजली और रूसी बढ़ सकती है। हालांकि, बाजार में कई शैंपू और दवाएं उपलब्ध हैं, लेकिन उनमें रसायन होते हैं, जो सिर की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे घरेलू उपाय बताते हैं, जिनसे मानसून में भी रूसी की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।



### मेथी के बीजों का पेस्ट बनाएं

मेथी के बीज प्राकृतिक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो रूसी की समस्या को दूर करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक कटोरी में एक चम्मच मेथी के बीजों का पाउडर और एक चम्मच नींबू के रस मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और 30 मिनट के बाद सिर को शैंपू से साफ कर लें। हफ्ते में 1 बार इस उपाय को आजमाएं।

**नारियल के तेल और नींबू का मिश्रण लगाएं :** नारियल का तेल और नींबू का मिश्रण नमी को दूर करने और रूसी को कम करने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक चम्मच नींबू के रस में दो चम्मच नारियल के तेल मिलाएं, फिर इस मिश्रण को अपने सिर की त्वचा पर लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। 30 से 45 मिनट के बाद सिर को गुनगुने पानी से धो लें। हफ्ते में 2 बार इस घरेलू उपाय को आजमाएं।

**दही और शहद का मिश्रण बनाएं :** दही और शहद का मिश्रण भी रूसी की समस्या से राहत दिला सकता है। इसके लिए एक कटोरी में 3 बड़ी चम्मच दही और 2 चम्मच शहद मिलाएं, फिर इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और 20-30 मिनट के बाद सिर को शैंपू से साफ कर लें। दही में मौजूद प्राकृतिक तत्व और शहद की नमी मिलकर रूसी को कम कर सकते हैं। इस उपाय को नियमित रूप से अपनाएं।

**एलोवेरा जेल और टी ट्री तेल लगाएं :** टी ट्री तेल में ऐसे गुण होते हैं, जो रूसी पैदा करने वाले जीवाणुओं को खत्म करने में मदद कर सकते हैं, वहीं एलोवेरा जेल सिर की त्वचा को पोषण देने के साथ-साथ रूसी की समस्या को बढ़ने से रोक सकता है। लाभ के लिए एक कटोरी में 2 चम्मच एलोवेरा जेल और 5 बूंद टी ट्री तेल मिलाकर अपने सिर पर लगाएं और आधे घंटे बाद शैंपू से साफ कर लें।

**सेब का सिरका आएगा काम:** सेब के सिरके में ऐसे तत्व होते हैं, जो सिर की त्वचा का संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं और रूसी की समस्या को कम कर सकते हैं। लाभ के लिए 2 चम्मच सेब के सिरके को एक कप पानी में मिलाएं, फिर इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में भरकर अपने सिर पर छिड़कें। 15 मिनट के बाद सिर को गुनगुने पानी से धो लें।

## सु-दोकू 120

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.119 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## एक नजर

### शराब दुकानों में ओवर रेट की शिकायत

**जगदलपुर, 25 जुलाई।** ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने गोवा ब्रांड की शराब खरीदी, जिसकी बोतल पर प्रिंट रेट (MRP) 120 दर्ज थी, लेकिन दुकानदारों ने 130 वसूल किए। जब इस बारे में ग्राहकों ने आपत्ति जताई और पूछा कि MRP से ज्यादा पैसे क्यों लिए जा रहे हैं, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया गया –जो करना है कर लो, हमर कुछ नहीं कर सकते हों।यह न सिर्फ उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि शासन-प्रशासन की लापरवाही और शराब दुकानों की मनमानी को उजागर करता है।जगदलपुर स्थित शराब दुकान में अधिक पैसे वसूलने का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, ग्रामीण ने गोवा ब्रांड की शराब खरीदी, जिसकी प्रिंट रेट MRP 120 थी, लेकिन दुकान कर्मचारियों ने उससे ?130 वसूल लिए।जब उपभोक्ता ने अधिक पैसे लेने की बात पर आपत्ति जताई, तो दुकानदारों ने उल्टे उसे धमकाते हुए कहा जो करना है कर लो, हम कुछ नहीं कर सकते।

### समापन शिविर का आयोजन 31 जुलाई को तोंगपाल में

**सुकमा, 25 जुलाई।** मुख्यमंत्री सचिवालय, महानदी भवन, नवा रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार ÷सुशासन तिहार÷ के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा अनेक ग्रामों में औचक भ्रमण और निरीक्षण किया गया था, साथ ही राज्य के अनेक समाधान शिविरों में भी वे सम्मिलित हुए थे। मुख्यमंत्री द्वारा भ्रमण किये गये ग्रामों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान करने हेतु उक्त ग्रामों में शिविर आयोजित करने हेतु निर्देश जारी किया गया है।सुशासन तिहार-2025÷ अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 30 मई को ग्राम पंचायत तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए था। शासन से प्राप्त निर्देश के परिपालन में दिनांक 31 जुलाई 2025 (दिन - गुरूवार) को ग्राम पंचायत-तोंगपाल, विकासखण्ड-छिन्दगढ़ अंतर्गत ÷समापन शिविर÷ का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्तानुसार आयोजित ÷सुशासन तिहार 2025÷ के ÷समापन शिविर÷ के आयोजन एवं सफल क्रियान्वयन हेतु श्री प्रताप विजय खेस्स, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छिन्दगढ़ को नोडल अधिकारी एवं श्री पी.के. गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत छिन्दगढ़ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण की समीक्षा करने एवं जानकारी एकत्र करने के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री रविशंकर वर्मा को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### फसल बीमा के संबंध में सहकारी समितियों में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जशपुर, 25 जुलाई ।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में जशपुर के किसानों को फसल बीमा एवं उसकी उपयोगिता के संबंध में जानकारी देने के लिए जिले के 24 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में कैलेंडर बना कर आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में फसल बीमा के संबंध में कार्यशाला का आयोजन जा रहा है। इन कार्यशालाओं में समिति के किसानों को फसल बीमा कराने से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से चर्चा कर समझाया गया। जिसमें सभी किसानों द्वारा फसल बीमा कराने हेतु उत्साह दिखाया गया। इस कार्यशाला में सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ समिति के कर्मचारी एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

### यातायात पुलिस ने स्टेडियम टर्निंग एवं माना विमातनल तिराहा पर चलाया चेकिंग अभियान

**रायपुर, 25 जुलाई ।** एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार डॉ.प्रशांत शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात और सतीश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में नवा रायपुर क्षेत्र में खाली सड़कों पर तेज रफ्तार वाहनों से हो रहे सड़क हादसों में नियंत्रण हेतु देर रात तक स्टेडियम टर्निंग एवं माना विमातनल तिराहा पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में तेज रफ्तार एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध विशेष कार्यवाही किया गया। अभियान कार्यवाही में 5 वाहन चालक जो नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाया गया।

# शिक्षकों के तबादले से नाराज छात्राओं ने हाइवे किया जाम



**दंतेवाड़ा, 25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 'छू लो आसमान स्कूल' की करीब 350 छात्राओं ने आज भारी बारिश के बीच नेशनल हाईवे पर बैठकर ढाई घंटे तक सड़क जाम कर दिया. हाथों में तख्तियां लिए ये बच्चियां लगातार नारे लगाती रहीं और प्रशासन से सीधी मांग की हमें सिर्फ शिक्षक नहीं, भरोसा चाहिए। छात्राओं ने कहा कि शिक्षा विभाग के वादों पर अब उन्हें यकीन नहीं रहा, इसलिए कलेक्टर खुद आकर यह गारंटी दें कि जिन शिक्षकों ने उन्हें पढ़ने और आगे बढ़ने का सपना दिखाया था, वे वापस आएंगे.

**स्वतंत्र विरोध, नहीं किसी संगठन की भूमिका**-छात्राओं का यह प्रदर्शन न किसी संगठन का था और न ही किसी राजनीतिक पार्टी का. यह उन बच्चियों का अपना फैसला था जो शिक्षा को लेकर गंभीर हैं और अब चुप नहीं रहना चाहतीं. प्रदर्शन के दौरान बारिश तेज थी, लेकिन छात्राएं डटी रहीं. प्रशासन ने हालांकि इस विरोध के पीछे किसी के उकसावे की संभावना की जांच शुरू कर दी है और कहा है कि यदि किसी शिक्षक या अन्य व्यक्ति ने छात्राओं को उकसाया है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी.यह प्रदर्शन सिर्फ शिक्षकों की वापसी की मांग नहीं था, बल्कि उस भरोसे की वापसी की गुहार थी जो इन बच्चियों को कभी दिखाया गया था. अब प्रशासन जांच और समाधान की बात कर रहा है, पर बच्चियों के मन में असमंजस बना हुआ है. सवाल यह है कि जब भविष्य की ये बेटियां अपने अधिकारों के लिए बारिश में भीगती सड़क पर बैठने को मजबूर हो जाएं, तो क्या इसे सिर्फ विरोध मानना चाहिए या सिस्टम के लिए एक आईना और चेतावनी के रूप में देखना चाहिए।

# भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने पोलावरम परियोजना डूबान प्रभावित गांवों की स्थिति पर जताई चिंता



**सुकमा, 25 जुलाई।** जिले के कोंटा तहसील में पोलावरम बांध परियोजना से डूबान प्रभावित गांवों की स्थिति पर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष पी. विजय नायडू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रतिनिधिमंडल में देव आशीष राय, जेट्टी रामाराव और एम. राजबाबू शामिल थे, जिन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इसके पश्चात बस्तर सांसद महेश कश्यप से भेंट कर पुनर्वास, भूमि अधिकार और तटबंध निर्माण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। नायडू ने कहा कि आज तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि पोलावरम परियोजना से कोंटा तहसील के कितने गांव और कितनी जनसंख्या प्रभावित होगी। प्रतिनिधि मंडल यह मांग करती है कि सरकार विस्तृत सर्वे कर वास्तविक आंकड़े सार्वजनिक करे और डूबान प्रभावितों के लिए सम्मानजनक पुनर्वास, वैकल्पिक कृषि भूमि, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करे। विशेष चिंता उन कृषकों को लेकर है जो पीढ़ियों से खेती कर रहे हैं, लेकिन जिनके पास आज तक भूमि का वैध पट्टा नहीं है। ऐसे किसानों को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत व्यक्तिगत वन अधिकार मिलना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल यह मांग करती है कि सभी प्रभावित गांवों में फलिया/टोला स्तर पर वन अधिकार समितियों का गठन कर प्रत्येक व्यक्ति से व्यक्तिगत वन अधिकार के लिए आवेदन लिया जाए और हर टोला की पारंपरिक सीमा का नक्शा तैयार कर सामुदायिक वन संसाधन अधिकार की प्रक्रिया आगामी 6 माह में पूर्ण की जाए।नायडू ने कहा कि चूंकि यह क्षेत्र अनुसूचित (पाँचवीं अनुसूची) क्षेत्र है, इसलिए यहां ÷भूमि के बदले भूमि÷ देना कानूनी रूप से अनिवार्य है। केवल मुआवजा देकर विस्थापन न्यायसंगत नहीं होगा। साथ ही जहां पुनर्वास किया जाएगा, वहां पर भी उतने ही वन संसाधनों पर अधिकार देना जरूरी है। कोंटा नगर को डूबने से बचाने हेतु एक मजबूत तटबंध (बांध सुरक्षा दीवार) की आवश्यकता को लेकर भी चर्चा की गई, जिसे सांसद महेश कश्यप ने गंभीरता से लिया और संसद में मुद्दा उठाने का आश्वासन दिया। साथ ही मुख्यमंत्री व केंद्रीय जल संसाधन मंत्रालय को ज्ञापन सौंपे जाने की प्रक्रिया भी शीघ्र की जाएगी। नायडू ने कहा भाजपा विकास के साथ-साथ जन अधिकारों की रक्षा में पूरी प्रतिबद्धता से खड़ी है। पोलावरम परियोजना से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाना पार्टी की प्राथमिकता है।

### कोलियारी के शिवभक्त कावड़ यात्रा में श्रृंगी ऋषि आश्रम के लिए रवाना

**अंवरी।** पवित्र सावन माह में पतित पावन भूत भावन शंकर भगवान जी के व्रत का पर्व माना जाता है जहा शिवभक्त कावड़ यात्रा में जल लेकर आराध्य शिव जी की उपासना में जल चढ़ाने विभिन्न शिव मंदिर में जाकर विशेष पूजा अर्चना कर मनोकामना करते हैं इसी अवसर पर ग्राम कोलियारी के शिव भक्त भी श्रृंगी ऋषि सिहावा प्रस्थान किए जिन्हे ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष डॉ राजू साहू ने सेवा भाव से कोई भी शिवभक्त शारीरिक रूप से यात्रा में रुकावट न हो मेडिकल किट एवम श्री फल भेट कर पावन कावड़ यात्रा के लिए शुभकामनाए प्रेषित किया कोलियारी के शिवभक्त सिरपुर, कुलेश्वर, भूतेश्वर महादेव गरियाबंद सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न शिव मंदिर पहुंचते है और गांव वापसी पर भव्य स्वागत के साथ गांव के प्राचीन स्वयंभू शिवलिंग में जल चढ़ाकर यात्रा को विराम देते हैं।

# नपं अध्यक्ष का वार्डवासियों ने किया सम्मान



**गीदम, 25 जुलाई ।** गीदम नगर के वार्ड क्रमांक 03 के रहवासियों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना का आज नागरिक सम्मान किया। लोगो की माने तो यह दृश्य देखने मे अनोखा रहा क्योंकि सामान्यतयाः वार्डवासी अपनी समस्याओं को लेकर ही नगर पंचायत कार्यालय पहुंचते हैं, ऐसा पहली बार हुआ होगा जब वह नगर पंचायत अध्यक्ष की कार्य शैली से प्रभावित होकर उन्हें सम्मानित करने कार्यालय पहुंचे थे। दरअसल रजनीश सुराना ने नपं अध्यक्ष निर्वाचित होते ही नगर की उन समस्याओं को चिन्हाकित किया जो वर्षो से लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी और जन सहयोग से उन समस्याओं का अविवादित तरिके से निराकरण किया। वार्ड क्रमांक 3 में भी ऐसी एक समस्या का समाधान से प्रसन्न होकर वार्ड वासियों ने उनका नागरिक सम्मान किया।वार्ड वासियों का कहना कि नगर पंचायत अध्यक्ष न केवल उनके वार्ड में अपितु नगर के समस्त वार्डों में समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार प्रयास करते हैं और निराकरण भी करते हैं।वहीं मामले में प्रतिक्रिया देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि ये उनके लिए बेहद गर्व का विषय है, नगर में व्याप्त समस्याओं का निराकरण उनकी जिम्मेदारी है पर किसी कार्य के लिए नागरिक प्रोत्साहित करें तो यह और भी सरल हो जाता है।नागरिक सम्मान से वह अभिभूत हैं, उन्होंने कहा कि प्रदेश की विष्णु देव सरकार के मार्गदर्शन भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए संकल्पित है भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे इसलिए संगठन के वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन वह नगर में विकास कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड वासी किसी भी समस्याओं को लेकर निःसंकोच नगर पंचायत कार्यालय अथवा उनसे संपर्क कर सकते हैं,हमारी प्राथमिकता नगर पंचायत गीदम को प्रदेश में नंबर वन नगर पंचायत बनाने की है, जिसके लिए वह नगर वासियों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर नपं के पार्षद, सीएमओ श्रीमती हुलसी प्रधान एव नपं कर्मी मौजूद रहे ।

# वन विभाग की किसान वृक्ष मित्र योजना में सुकमा जिले को मिला 7.40 लाख पौधरोपण का लक्ष्य



**सुकमा, 25 जुलाई।** वन विभाग की महत्वाकांक्षी योजना किसान वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत इस वर्ष सुकमा जिले में कुल 7,40,484 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से 7,39,484 पौधे क्लोनल नीलगिरी (यूकेलिप्टस) प्रजाति के हैं, जिन्हें किसानों द्वारा अपनी निजी भूमि पर लगाया जाना है। योजना के तहत अब तक लगभग 4.33 लाख क्लोनल नीलगिरी पौधे किसानों द्वारा लगाए जा चुके हैं। विगत कुछ दिनों से जिले में हुई अच्छी वर्षा के चलते रोपण कार्य में तेजी आई है और कृषकों की भागीदारी में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है।किसान वृक्ष मित्र योजना छत्तीसगढ़ शासन के वन विभाग द्वारा संचालित एक प्रमुख एग्रो-फॉरेस्ट्री योजना है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, खेतों की अनुपयोगी भूमि का सदुपयोग करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करना है। जिले के प्रभारी मंत्री एवं वनमंत्री श्री केदार कश्यप के नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले क्लोनल नीलगिरी के पौधे निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। विशेष रूप से सुकमा जिले में इन पौधों की आपूर्ति आईटीसी भद्राचलम द्वारा की जा रही है, जो इस क्षेत्र में नीलगिरी की विश्वसनीय क्लोनल किस्में तैयार करता है।इसके अतिरिक्त, गड्ढा खुदाई, पौधरोपण तकनीक, देखरेख तथा अन्य तकनीकी मार्गदर्शन भी वन विभाग द्वारा किसानों को प्रदान किया जा रहा है। क्लोनल नीलगिरी के पौधे शीघ्र वृद्धि करने वाले होते हैं तथा 4 से 5 वर्षों में परिपक्व होकर अच्छी गुणवत्ता की लकड़ी प्रदान करते हैं, जिसे उद्योगों को बेचकर किसान अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार यह योजना खेती के साथ-साथ वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करती है। वन मंडलाधिकारी सुकमा श्री अक्षय भोंसले ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस लाभकारी योजना से जुड़ें और अपने खाली पड़ी जमीन और खेतों में वृक्षारोपण करें। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक है, बल्कि पर्यावरण के संरक्षण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इच्छुक किसान अपने क्षेत्रीय वन परिक्षेत्र कार्यालय अथवा स्थानीय वन प्रबंधन समिति से संपर्क कर योजना में पंजीयन कर पौधे प्राप्त कर सकते हैं।

### जिले में अब तक 406.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग, 25 जुलाई ।** जिले में 1 जून 2025 से 25 जुलाई 2025 तक 406.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 5×2.× मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम ×27.4 मिमी. तहसील भिलाई-× में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में ×69.0 मिमी, तहसील अहिवारा में 485.4 मिमी, तहसील धमधा में ×28.8 मिमी और तहसील दुर्ग में ×96.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 25 जुलाई 2025 को तहसील दुर्ग में 1.8 मिमी, तहसील धमधा में 0.0 मिमी, तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 8.0 मिमी, तहसील भिलाई × में 0.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण एवं टीबी मुक्त पंचायतों का सम्मान समारोह

**कवर्धा, 25 जुलाई ।** कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के इतिहास में 25 जुलाई 2025 का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज होने जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप तथा उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों से जिले के जिला अस्पताल कवर्धा में सीटी स्कैन मशीन की सुविधा प्रारंभ की जा रही है। इसका लोकार्पण शुक्रवार को दोपहर 1 बजे उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इसके साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले की 84 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।इस आयोजन की व्यापक तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा द्वारा की गई है। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ श्री अजय त्रिपाठी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तुर्रे को कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यंत्री श्री शर्मा के विशेष प्रयासो से जिला अस्पताल में सीटी स्कैन सुविधा के शुरू होने से जिले के हजारों जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों को अब भारी राहत मिलेगी। पहले इस सुविधा के अभाव में मरीजों को निजी जांच केन्द्रों में महंगी जांच करवानी पड़ती थी या फिर उन्हें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई जैसे बड़े शहरों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब यह सुविधा जिला अस्पताल में उपलब्ध होने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को महंगे इलाज की आवश्यकता में भारी खर्च से भी मुक्ति मिलेगी। यह स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में जिले की एक बड़ी उपलब्धि है।कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक मशीन के उद्घाटन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिले के लोगों के लिए एक सशक्त स्वास्थ्य ढांचे की दिशा में सशक्त कदम है।

### वाको छग किक बाक्सिंग प्रतियोगिता में

# सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण पदक जीते



**सिमगा, 25 जुलाई।** सिमगा बलौदबाजार जिले के खिलाड़ियों में अमन सोनी ने पंजाब तेलंगाना व केरल के खिलाड़ियों को हारा कर स्वर्ण पदक हासिल किया व संदीप यादव ने दिल्ली के खिलाड़ी को हराकर कांस्य पदक हासिल किया वाको इंडिया सिनियर राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन वाको छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में बलबीर जुनेजा इनडोर स्टेडियम रायपुर में दिनांक 16 से 20 जुलाई 2025 तक किया गया। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा, संस्थापक तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता राज्य के सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न वजन वर्गो में हिस्सा लिया। जिन्होंने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण पदक जीतेप्रतियोगिता के दौरान किकबॉक्सिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, सचिव अभिषेक जैन, छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदीवान, व कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा जी वो अध्यक्ष छगन लाल मूंदड़ा सहित विभिन्न राज्य प्रतिनिधि, रघुनाथ नायक, जुनैद अलम विशाल हियाल, सर्वर एक्का, दुर्गेश पटेल मनीष बैग संतोष निर्मलकर अनेक प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। खेलप्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों,उनके प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दी है।

# कलेक्टर ने शालात्यागी बच्चों को पुनः प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए



**सुकमा, 25 जुलाई।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में बुधवार को विकासखंड स्तरीय अधिकारी, प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी और जिला मिशन समन्वयक उमाशंकर तिवारी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई।समीक्षा बैठक के दौरान पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा और रजत जयंती समारोह पर चर्चा की गई। बेगलेस डे के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।निर्धारित अवधि में पाठ्यक्रम विभाजन कर अध्यापन कार्य पर चर्चा एवं परीक्षा संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन अगस्त के प्रथम सप्ताह में सभी स्कूलों में एक ही दिन मनाने का निर्णय लिया गया। न्योता भोजन सभी स्कूल मे कराने एवं पोर्टल पर नियमित एंट्री कराने के निर्देश दिए गए। यूडाइस पोर्टल पर ब'चों को अगली कक्षा मे अपडेट करने और शाला त्यागी एवं अप्रेवशी ब'चों को स्कूल मे पुनः प्रवेश दिलाने हेतु कार्य करने के निर्देश दिए गए। सभी स्कूलों में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा लगाने और पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए गए।

# 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा, 25 जुलाई।** सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवाद आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति'' एवं ''नियद नेल्ला नार'' योजना व पुलिस प्रशासन के '' पुना मारगेम'' अभियान से प्रभावित होकर तथा पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय 05 नक्सलियों के द्वारा नक्सल संगठन को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से आज 24 जूलाई 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सुकमा में रोहित शाह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा एवं अमित श्रीवास्तव सहायक कमाण्डेन्ट 131 वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया।सभी आत्मसमर्पित नक्सली जिला सुकमा के थाना जगरगुण्डा एवं चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत नक्सल संगठन में सक्रिय रहकर विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी करना, पुलिस पार्टी के आने-जाने वाले मार्गो में आईईडी/स्पाईक लगाना, मार्ग खोदकर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाना इत्यादि घटनाओं में शामिल रहे हैं।उपरोक्त सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन के नवीन पुनर्वास नीति ''छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति - 2025'' के तहत् प्रत्येक को 50-50 हजार रूपये के मान से प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधायें प्रदान करायें जायेंगे।

## निर्धारित समय सीमा में पाठ्यक्रम का अध्यापन करें पूर्ण: जिला शिक्षा अधिकारी

**सुकमा, 25 जुलाई।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में बुधवार को विकासखंड स्तरीय अधिकारी, प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी और जिला मिशन समन्वयक श्री उमाशंकर तिवारी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा और रजत जयंती समारोह पर चर्चा की गई। बेगलेस डे के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।निर्धारित अवधि में पाठ्यक्रम विभाजन कर अध्यापन कार्य पर चर्चा एवं परीक्षा संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन अगस्त के प्रथम सप्ताह में सभी स्कूलों में एक ही दिन मनाने का निर्णय लिया गया। न्योता भोजन सभी स्कूल मे कराने एवं पोर्टल पर नियमित एंट्री कराने के निर्देश दिए गए। यूडाइस पोर्टल पर बच्चों को अगली कक्षा मे अपडेट करने और शाला त्यागी एवं अप्रेवशी बच्चों को स्कूल मे पुनः प्रवेश दिलाने हेतु कार्य करने के निर्देश दिए गए। सभी स्कूलों में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधा लगाने और पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश दिए गए।

## रक्तदान करना पुण्य कार्य: मुख्यमंत्री

**जशपुर 25 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कैम्प कार्यालय बगिया में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जशपुर के आजीवन सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किया और रक्त मित्र पुस्तिका का भी विमोचन किया।पुस्तिका में जिला प्रशासन ने अभिनव पहल करते हुए 480 रक्त दाताओं का नाम और मोबाइल नम्बर का उल्लेख किया गया है। जिन मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ेगी वे दिए गए सम्पर्क नम्बर में फोन करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं।मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी और रक्त मित्र नव पहल के लिए धन्यवाद दिया। रक्त मित्र डायरेक्ट्री बनाकर एक पुनीत कार्य किया है। यह एक ऐतिहासिक कदम है। अब इस डायरेक्ट्री के माध्यम से हर जरूरतमंद तत्काल रक्तदाताओं से संपर्क स्थापित कर पाएँगे। मुख्यमंत्री ने कहा मुझे खुशी हो रही है कि हमारे जशपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में हर वर्ग के लोग स्वैं'छिक रक्तदान करने समेत स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी देकर जीवन रक्षा और समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# किसानों को प्रामाणिक बीज और खाद की कमी नहीं होने देंगे: साय

**रायपुर, 25 जुलाई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हो रही वर्षा से अ'छी फसल होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद और बीज की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। मंत्रिमंडल विस्तर के संबंध में उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री आज अपने जशपुर जिले के गृहग्राम बगिया में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में अ'छी वर्षा हो रही है, जिसके कारण 75 प्रतिशत से अधिक बोआई हो चुकी है। अब रोपाई और बियासी का काम तेजी से चल रहा है, जिससे धान की अ'छी फसल होगी। उन्होंने कहा कि रा'य में गेहूं, मक्का सहित अन्य फसल लगाने वालों को भी किसान समृद्धि योजना में जोड़ दिया गया है। रा'य में इससे किसानों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। रा'य में खाद और प्रामाणिक बीज का पर्याप्त स्टॉक है। उन्होंने डीएपी खाद के कमी से इंकार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस इसको लेकर सियासत कर रही है। मुख्यमंत्री से जब मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। ज्ञात रहे विष्णु देव साय केबिनेट में तीन मंत्रि लिया जाना है, आए दिन मीडिया में कैबिनेट की विस्तार को लेकर चर्चा होती रहती है, लेकिन अभी तक विस्तार नहीं हुआ है। राज्य में बिलासपुर, रायपुर तथा दुर्ग को अभी पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिला है।

## एक नजर

### कृषि विज्ञान केन्द्र में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण आयोजित

**रायगढ़, 25 जुलाई।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा कृषकों एवं कृषक महिलाओं के लिए मशरूम उत्पादन पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ.बी.एस.राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र ने कृषकों को बताया कि धान फसल के अवशेषों का उपयोग कर मशरूम उत्पादन एवं मशरूम बीज उत्पादन से कृषक अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मशरूम एक अत्यधिक लाभकारी व्यवसाय है, जिसमें कम लागत में अधिक मुनाफा अर्जित किया जा सकता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में रायगढ़ जिले के विभिन्न विकास-खण्डों के 22 कृषक, कृषक महिलाएं एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुईं। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ.मनीषा चौधरी, वैज्ञानिक (आहार एवं पोषण), ने मशरूम के पोषण मूल्य एवं औषधीय महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पैरा मशरूम उत्पादन की तकनीक, आयस्टर मशरूम एवं मशरूम बीज उत्पादन के विषय में प्रायोगिक विधि के साथ-साथ वीडियो और चल-चित्र के माध्यम से जानकारी प्रदान की।

### मछुआरों की समस्याएं शासन तक पहुंचाई जाएंगी: भरत

**धमतरी, 25 जुलाई ।** धमतरी कलेक्टोरेट सभागार में मछुआ कल्याण बोर्ड, छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में जिले के मछुआ समुदाय की समस्याओं और आवश्यकताओं पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा ने की। श्री मटियारा ने मछुआरों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें शासन तक पहुँचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मछुआ नीति में आंशिक संशोधन की दिशा में पहल की जा रही है, जिससे समुदाय को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सके।'बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री नेहरू निषाद, शहर मंडल अध्यक्ष श्री पवन गजपाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रामचरण कोर्राम, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव एवं संयुक्त कलेक्टर धमतरी की उपस्थिति रही।' बैठक में जिले के चारों विकासखंडों की 55 मछुआ समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव सम्मिलित हुए। इस दौरान केसीसी लोन की सुविधा, ग्राम पंचायतों द्वारा तालाब आबंटन में पारदर्शिता, तथा मछुआ समुदाय को परिपूरक आहार उपलब्ध कराने जैसी मांगें प्रमुखता से रखी गईं। श्री नेहरू निषाद ने मछुआ किसानों को केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।डॉ. मुकेश राघव, प्रभारी सहायक संचालक, मछलीपालन ने वर्ष 2025-26 के लिए शासन से प्राप्त लक्ष्यों एवं मछलीपालन योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने जिले में मछुआरों के कल्याण हेतु किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी भी साझा की। अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### अवैध निर्माण पर प्रशासन की सख्ती, शासकीय वन भूमि से अतिक्रमण हटाया गया

**महासमुंद, 25 जुलाई ।** राजस्व विभाग द्वारा आज महासमुंद नगर के बी टी आई रोड स्थित शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को सख्ती से हटाया गया। यह कार्रवाई कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार वन प्रशिक्षण केंद्र के समीप शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था। मौके की जांच उपरांत इसे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण मानते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान तहसीलदार श्री जुगल किशोर पटेल, नायब तहसीलदार श्री मोहित अमिला एवं आरआई श्री मनीष श्रीवास्तव सहित राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा।

### विद्यालय निरीक्षण में अनुपस्थित शिक्षकों को जारी किया गया शोकॉज नोटिस

**महासमुंद 25 जुलाई ।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश कुमार साहू द्वारा आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खल्लारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रारंभ होने का समय प्रातः 10:00 बजे होते हुए भी विद्यालय के सात व्याख्याता समय पर उपस्थित नहीं पाए गए।विद्यालयीन व्यवस्था की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा स्वयं प्रार्थना सत्र संपन्न कराया गया।

निरीक्षण में प्रभारी प्राचार्य सविता चंद्राकर सहित व्याख्याता सुमन चंद्राकर, भूषण सिरमौर, लक्ष्मीधर चंद्राकर, पूरी हरपाल, सरोज सिंह मर्सकोले, वेणुका साहू, ग्रंथपाल राजेन्द्र चौहान तथा व्यावसायिक शिक्षक सुभाष साहू अनुपस्थित पाए गए।

# आईडीएफसी बैंक में सामने आया गोल्ड लोन घोटाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**खरसिया,25 जुलाई।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के खरसिया शाखा में गोल्ड लोन में गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है जिसमे पीड़ित व्यक्ति ने सोशल मीडिया के माध्यम से बैंक पर गंभीर आरोप लगाए हैं वहीं बैंक प्रबंधन इस संबंध में कोई जानकारी तक देने को तैयार नहीं है, जिससे लगता है कि आरोप सत्य है और बैंक के द्वारा गोल्ड लोन में घोटाला कर जहां अपने वरिष्ठ अधिकारियों को धोखे में रखा जा रहा है, साथ ही बैंक को वित्तीय हानि भी पहुचाई जा रही हैं वहीं भोले भाले ग्रामीणों के नाम पर लोन कर के उनका भी शोषण किया जा रहा है।

आज के डिजिटल युग मे जब सरकार के द्वारा ऑनलाइन भुगतान को प्रोत्साहित किया जा रहा है ऐसे में बैंक चाहे सरकारी हो या प्रायवेट, लोगों को उसमे खाता रखना तथा लेनदेन करना मजबूरी बन चुकी है। कुछ वर्षों पहले तक जरूरी नहीं था कि किसी व्यक्ति का बैंक में खाता होना जरूरी हो लेकिन आज के समय मे शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसके किसी भी बैंक या में खाता न हो, क्योकिं डिजिटल भुगतान के साथ साथ शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी लाभार्थी को बैंक के माध्यम से ही प्राप्त होता है। इसी के साथ अगर किसी व्यक्ति को बैंक से कर्ज चाहिए तो भी बैंक में खाता होना आवश्यक होता है, लेकिन ऐसे समय मे जब बैंकिंग व्यवस्था आम आदमी के लिए अति आवश्यक हो चुकी है कुछ बैंक के कर्मचारियों अधिकरियो की वजह से आम जनता का भरोसा बैंकिंग व्यवस्था से खत्म होता जा रहा है और लोग अपनी जमा पूंजी बैंक में रखने से कतराने लगे है। खरसिया के ही सेंट्रल बैंक में खाता धारकों के खातों से लाखों की रकम की फर्जी निकासी किये जाने का मामला अभी खत्म भी नहीं हो पाया था कि खरसिया के ही आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शाखा प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों के द्वारा गोल्ड लोन में गड़बड़ी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है जहां किसी बैंक के ही अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा अपने खुद के सोने को किसी अन्य व्यक्ति के नाम से अपने ही बैंक में गिरवी रखकर रकम निकाल ली गयी तथा उक्त रकम को तत्काल किसी तीसरे व्यक्ति के खाते में डाल दिया गया, मामला प्रकाश में तब आया जब खाता धारक को तय की गई रकम नहीं दी गयी तो खाता धारक के द्वारा बैंक प्रबंधन के इस गड़बड़झाले के संबंध में पीड़ित ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने साथ हुई धोखाघड़ी का खुलासा करते हुए दोषी अधिकारी और कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# जवानों ने बीमार ग्रामीण की कैंप ले जाकर बचाई जान

**बीजापुर, 25 जुलाई।** नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात जवान केवल सुरक्षा की ड्यूटी नहीं निभा रहे, बल्कि मानवता की मिसाल भी पेश कर रहे हैं. बीजापुर और तेलंगाना के बॉर्डर पर बसे करेंगुट्टा के पटेल पारा से एक ऐसी ही खबर सामने आई है, जिसने सबका दिल जीत लिया

बीमारी की सूचना पर तुरंत पहुंचे जवान-जानकारी के मुताबिक, पटेल पारा के एक ग्रामीण की अचानक तबीयत गंभीर हो गई. हालात बिगड़ते देख परिजन और ग्रामीण घबराए हुए थे. तत्काल ग्रामीणों ने इसकी सूचना पास के सुरक्षा बल के जवानों को दी।

ट्रैक्टर में डालकर पहुंचाया कैम्प-जवानों ने बिना देर किए ग्रामीण को चार पहिया वाहन में बैठाया और ट्रैक्टर के माध्यम से कठिन रास्तों से होते हुए अपने कैम्प तक पहुंचाया. वहाँ समय पर इलाज मिलने से ग्रामीण की जान बच गई अब उस ग्रामीण की हालत पूरी तरह सुरक्षित और स्थिर बताई जा रही है. इस मानवीय पहल के बाद गाँव के लोग जवानों के प्रति आभार जता रहे हैं और कह रहे हैं कि ये सुरक्षाकर्मी केवल नक्सलियों से ही नहीं लड़ते, बल्कि हमारी जिंदगी की रक्षा भी करते हैं.

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की धमतरी जिले में उल्लेखनीय प्रगति

**धमतरी, 25 जुलाई ।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाय-जी) भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आवासहीनों को पक्के घर उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी जिले में वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर सराहनीय प्रगति हो रही है। 25 जुलाई की स्थिति में प्राप्त आंकड़े दर्शाते हैं कि जिले के सभी चार विकासखंडों धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी में मिलकर कुल 21,875 मकानों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 20,297 मकानों की स्वीकृति दी जा चुकी है। इस योजना की कार्यप्रणाली चरणबद्ध है, जिसमें मकान निर्माण हेतु राशि की किश्तों में भुगतान किया जाता है। जिले में अब तक 19,723 लाभार्थियों को प्रथम किश्त का भुगतान किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का 90 प्रतिशत से अधिक है। इसी प्रकार, 18,270 मकानों में प्लिंथ स्तर तक निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे जिले का समग्र प्लिंथ प्रगति प्रतिशत 92.63 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यह प्रगति दर्शाती है कि योजना का कार्यान्वयन धरातल पर प्रभावी रूप से हो रहा है।

धमतरी विकासखंड में कुल 5,178 मकानों का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से 4,840 को स्वीकृति दी जा चुकी है। 4,740 लाभार्थियों को पहली किश्त प्राप्त हो चुकी है और 4,482 मकानों में प्लिंथ कार्य पूर्ण हुआ है।

# शिव मंदिर भगत तालाब में मनाई गई शिवरात्रि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,25 जुलाई।** सावन महिने के पावन अवसर पर खरसिया में स्थित नगर के प्रसिद्ध शिव मंदिर भगत तालाब में शिवरात्रि का पर्व शिव परिवार द्वारा बडे ही धूमधाम एवं भव्यवतापूर्वक मनाया गया। इस दौरान शिव परिवार द्वारा शिवरात्रि के पावन पर्व पर देवो के देव भगवान महादेव का विशेष रूप से श्रृंगार किया गया। शाम को भजन संध्या के पश्चात् भगवान भोलेनाथ की महाआरती की गयी तथा भक्तों का प्रसाद का वितरण किया गया।विदित हो कि श्रावण मास भगवान शिव को अत्यधिक प्रिय है, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी खरसिया के विभिन्न शिव मंदिरों में सावन शिवरात्रि के अवसर पर 23 जुलाई को बडी संख्या में भगवान भोले शंकर के भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई।



इसी कडी में खरसिया के प्रसिद्ध भगत तालाब जो कि अपनी रंगीन मछलियों की वजह से पूरे छत्तीसगढ में मछली तालाब के नाम से प्रसिद्ध है वहां स्थित शिव मंदिर में शिव परिवार द्वारा सावन मास के शिवरात्रि के अवसर पर पूरे मंदिर को विशेष तौर पर फुलों एवं रंगीन झालरों से सजाया गया था। शिवरात्रि के पावन आवसर पर शिव मंदिर भगत तालाब में भगवान शिव के भक्तों का दिन भर तांता लगा रहा। वहीं शिव परिवार द्वारा शिव मंदिर में शिवरात्री का पर्व बडे ही धूमधाम से मनाते हुए भोले भंडारी का विशेष श्रृगांर किया गया। शिव मंदिर भगत तालाब में 23 जुलाई को रात्रि 7 बजे से बाबा के भक्तों द्वारा भोले शंकर एवं माँ पार्वती के भजनों से बाबा को भाव विभोर किया गया। इस दौरान बाबा भोलेनाथ के भक्त बाबा के भजनों पर मस्ती के साथ थिरकते दिखे वहीं रात्रि में शिव परिवार द्वारा देवों के देव महादेव की आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर के पुजारी सुरेंद्र के साथ शिवमण्ड़ल के विजय अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सतीष अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, दिनदयाल अग्रवाल, दिलीप शर्मा, मुन्ना अग्रवाल, नारायण चक्रधारी, मुकेश अमलड़िहा, विकास कबुलपुरिया, शेरू शर्मा, राधे अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, सौरभ शर्मा सहित महिला मण्ड़ल की शकुन्तला देवी अग्रवाल, शशिकला अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, सहित नगर के अन्य शिवभक्त उपस्थित थे।

### फैमली कांवड़िया संघ 28 जुलाई को होगा रवाना

# बाबा के दीवाने करेंगे 100 किमी की पैदल यात्रा

**खरसिया।** फैमिली कांवड़िया संघ खरसिया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 90 से अधिक कांवड़िया बंधुओ के साथ 28 जुलाई को अशोक अग्रवाल (पत्रकार), सुनील बंसल एवं सुभाष पप्पू (ठेकेदार) के नेतृत्व में साउथ बिहार एक्सप्रेस से रवाना होंगे। फैमिली कांवड़िया संघ खरसिया का यह लगातार 37वां वर्ष है। जिसमें खरसिया के अलावा भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, अंबिकापुर, लैलुंगा, पत्थलगांव, कांसाबेल, रायगढ़, झारसगुड़ा एवं बरगढ़ से बोल बम कांवड़िया भक्त शामिल होंगे।



फैमिली कांवड़िया संघ के प्रमुख अशोक अग्रवाल (पत्रकार) ने बताया कि इस वर्ष हमारे कांवड़िया संघ के साथ छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भजन गायक राजेश अग्रवाल (बोडू) एवं मोनिका अग्रवाल (मोनू) मिजिशयन टीम एवं साउण्ड सिस्टम के साथ बाबा के भजनो से सभी कांवड़िया बंधुओ को नचाने उपस्थित रहेंगे। हमारे सभी बम साथी सुल्तानगंज से गंगाजल उठाकर लगभग 100 कि.मी. की पैदल यात्रा बोल बम-बोल बम के नारे के साथ पूरी करते है और बाबा बैद्यनाथ का गंगा जल से अभिषेक करते है। इसके पश्चात सभी बाबा बासुकीनाथ धाम जाकर जलार्पण करते है। खरसिया क्षेत्र से अनेकानेक बाबा के भक्त विभिन्न दलो के माध्यम से जाकर प्रत्येक वर्ष जल चढ़ाते है और बाबा बैद्यनाथ अपने सभी भक्तो की मनोकामना पूर्ण करते है। पवित्र श्रावण मास में चारो ओर बोल बम के नारो की धूम मची हुई है। हर कोई भक्त कही न कही सोमवार के दिन बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ा कर प्रसन्न करता है एवं अपने मनोरथ पूर्ण करवाता है। इस वर्ष भी बाबाधाम के साथ-साथ अमरनाथ, घोघड़ बाबा, तुर्रीधाम एवं सिद्धेश्वर महादेव बरगढ़ में जल चढ़ाने वालो की लम्बी कतारे देखने को मिल रही है।

# शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के लिए दिए गए किट का बेहतर उपयोग करें: कलेक्टर

**जशपुरनगर, 25 जुलाई ।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने बुधवार को कुनकुरी विकास खंड के प्राथमिक स्कूल में संपर्क स्मार्ट स्कूल कार्यक्रम के तहत शिक्षक प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और शिक्षकों को अच्छे से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए हैंमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जशपुर प्रवास के दौरान प्राथमिक स्कूल बगिया से 28 जून को प्रारंभ किए गए 'संपर्क स्मार्ट स्कूल - स्मार्ट ब्लॉक' कार्यक्रम की अगली कड़ी में कलेक्टर ने शिक्षकों से संवाद करते हुए स्मार्ट टीवी, संपर्क स्मार्ट डिवाइस एवं गणित और अंग्रेज़ी की टीएलएम किट के शैक्षणिक उपयोग की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संपर्क दीदी की आवाज़ में प्रस्तुत कहानियाँ और कविताएँ भी सुनीं, और इस अभिनव शिक्षण पद्धति की सराहना की।कलेक्टर ने बताया कि जिले के सभी 50 चयनित शालाओं में स्मार्ट टीवी स्थापित किए जा चुके हैं और गणित एवं अंग्रेज़ी किट का वितरण शिक्षक प्रशिक्षण उपरांत किया जा रहा है। साथ ही संपर्क स्मार्ट डिवाइस भी सभी स्कूलों तक पहुँचा दी गई है। कलेक्टर ने शिक्षकों को बताया कि यह मुख्यमंत्री की विशेष रुचि वाला कार्यक्रम है और इसमें प्रयुक्त तकनीक व सामग्री बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को नया आयाम देंगी। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे इस नवाचार का भरपूर उपयोग करते हुए कक्षा-कक्ष को प्रेरक और परिणामकारी बनाएं। कलेक्टर ने प्राथमिक शाला बंदरचुआं, कुनकुरी प्राथमिक स्कूल, प्राथमिक स्कूल गौरी टोला, बगिया प्राथमिक स्कूल, सहित अन्य स्कूलों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण लेने का प्रमाण पत्र भी वितरण किए।कलेक्टर ने जशपुर जिले के सभी शिक्षकों की सहभागिता और प्रतिबद्धता की भी सराहना की।

### कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

**जशपुरनगर, 25 जुलाई ।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने बुधवार को फरसाबहार विकास खंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंकिरा का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।कलेक्टर ने डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जानकारी ली।

### सरकारी सोसाइटियों में खाद की कमी से किसान परेशान

**अंवरी।** अंचल में डीएपी व यूरिया खाद की आपूर्ति में कमी के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां सरकारी सोसाइटियों में खाद की रेक अब तक नहीं पहुंच पाई है। वहीं निजी कृषि केंद्रों व दवा दुकानों में डीएपी व यूरिया का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। किसान मजबूरीवश 1350 रुपए की सरकारी दर के बजाय 1780 रुपए में निजी दुकानों से खाद खरीदने को विवश हैं। जैसे- जैसे वर्षा ऋतु नजदीक आ रही है। किसानों द्वारा खाद और बीज का स्टॉक करने की होड़ बढ़ रही है। जिसका सीधा लाभ निजी व्यापारियों को मिल रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सिन्धु बैस ने कहा कि जिन समितियों में

# शराब पीकर स्कूल आने की शिकायत पर प्राचार्य को हटाने के निर्देश

जशपुर, 25 जुलाई। जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के ग्राम अंकिरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सी.एस. पैकरा द्वारा शराब सेवन कर विद्यालय आने की शिकायत पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्रवाई बुधवार को विद्यालय निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर की।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने ग्राम अंकिरा के प्राथमिक विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का मुआयना कर शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों की उपस्थिति, पुस्तक वितरण, विद्यालय भवन की स्थिति एवं स्वच्छता आदि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे स्कूल नहीं आने वाले विद्यार्थियों के पालकों से घर जाकर संपर्क करें और बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें।कलेक्टर ने प्राथमिक विद्यालय के भवन की मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रायोगिक लैब की सफाई सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों को किट उपकरणों के माध्यम से प्रयोगिक विधि से पढ़ाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर श्री व्यास ने जिन विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है, उनके प्रमाण पत्र शीघ्र बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय परिसर की नियमित सफाई और अनुशासित वातावरण बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम फरसाबहार श्री अमित श्रीवास्तव, शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बैनटैक्स ज्वेलरी से आर्थिक आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी गंगरेल की पुष्पा साहू

**धमतरी, 25 जुलाई।** धमतरी जिले के गंगरेल गांव की रहने वाली श्रीमती पुष्पा साहू ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि अगर इच्छाशक्ति हो और मेहनत करने का जज्बा हो तो कोई भी महिला आत्मनिर्भर बन सकती है। जहां पहले उनके परिवार की आर्थिक स्थिति डगमगाई हुई थी, वहीं अब पुष्पा साहू बैन टैक्स ज्वेलरी बेचकर प्रतिमाह 12 से 15 हजार रुपए तक की आय अर्जित कर रही हैं। श्रीमती पुष्पा साहू नई दिशा महिला स्व सहायता समूह की सक्रिय सदस्य है व कुंवर बाई महिला ग्राम संगठन गंगरेल तथा सार्थक महिला क्लस्टर संगठन रुद्री से जुड़ी हुई है।

**कठिनाइयों से संघर्ष की शुरुआत** – पारंपरिक ग्रामीण जीवन में सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी के बीच श्रीमती पुष्पा साहू ने अपने परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने के लिए कुछ अलग करने की ठानी। सीमित पूंजी के साथ उन्होंने बैन टैक्स ज्वेलरी का व्यवसाय शुरू किया। यह आभूषणें खास तौर पर कृत्रिम होती हैं, जो आधुनिक डिजाइन और किफायती दामों के कारण बाजार में तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं।

**आत्मविश्वास और मेहनत से बदली तकदीर** -शुरुआत में ग्राहकों को जोड़ने और बिक्री बढ़ाने में उन्हें कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लेकिन धैर्य, मुस्कान और अपनी कला में भरोसे ने उन्हें आगे बढ़ाया। उन्होंने घर-घर जाकर, स्थानीय मेलों, हाट-बाजारों और सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपने उत्पादों को लोगों तक पहुंचाया। धीरे-धीरे उनका व्यवसाय बढ़ता गया।

# शहीद कौशल यादव को नौजवान प्रेरणास्त्रोत मानें:गर्ग

**भिलाई, 25 जुलाई।** भिलाई पुलिस के दुर्ग रेंज आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि नौजवान पीढ़ी कारगिल युद्ध में शहीद भिलाई शहर के सपूत कौशल यादव के देश के प्रति दिए गए बलिदान को याद करते हुए उन्हें अपना प्रेरणास्त्रोत मानें। उन्होंने कहा कि शहीद कौशल यादव ने कर्तव्य और देश की रक्षा के लिए अपना जान कुर्बान कर दिया इसलिए वे हमारे भी प्रेरणास्त्रोत हैं और हमेशा रहेंगे दुर्ग आईजी राम गोपाल गर्ग ने यह बातें आज सुबह शहीद कौशल यादव के शहादत दिवस पर हुडको कॉलोनी में उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कही। इस अवसर पर शहीद कौशल यादव की माता सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ एसएसपी विजय अग्रवाल, पुलिस के अधिकारी, सेना के वर्तमान और पूर्व



सैनिक, एनसीसी कैडेट्स तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उपस्थित जनों ने भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त भारतीय सेना के जवान कौशल यादव को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सलामी दी आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि जिस तरह के जज्बे के साथ शहर के सपूत कौशल यादव ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिया, वह भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्पद है। नौजवान देश और प्रदेश के हित में अपना योगदान दें। आईजी ने शहीद कौशल यादव की माता से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछी छत्तीसगढ़ आर्मी फाउंडेशन के हरप्रीत सिंह ने कहा कि शहीद कौशल यादव की शहादत को उन्होंने देखा और उसी दिन इस मिट्टी की कसम खाकर सेना में जाने का ठाना था। आज यहां पर देढ़ से दो सौ सैनिक और एनसीसी कैडेट्स आएं हैं। निश्चित रूप से इन सभी के लिए शहीद कौशल यादव की शहादत प्रेरणास्त्रोत बनेगी पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संस्थापक एवं संरक्षक पवन कुमार निषाद ने कहा कि आज ही के लिए कौशल यादव ने कारगिल युद्ध में देश के लिए बलिदान दिया था। उस युद्ध में भारतीय सेना के 527 अधिकारी और जवान शहीद हुए थे। कौशल यादव को उनकी वीरता के लिए मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। देश के नौजवानों को उनकी वीरता हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।

# बीमा से इंकार का प्रपत्र नहीं भरा तो जबरिया फसल बीमा की अनोखी योजना लागू

**रायपुर ।** बीमा कराने के इच्छुकों द्वारा आवेदन करने पर ही बीमित किये जाने की जानकारी मिली है पर पहली बार फसल की बीमा न कराने के इच्छुक? ऋणी किसानों द्वारा इस संबंध में नियत तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित प्रपत्र न भरने पर जबरिया फसल बीमित करने का अनोखा योजना सामने आया है । सोसायटियों के माध्यम से अल्पकालीन ऋण लेने वाले किसानों द्वारा पूर्व में इस संबंध में भरे जा चुके फ़ार्मों को दरकिनार कर खेती के इस व्यस्ततम मौसम में किसानों को सोसायटियों में पहुंच यह प्रपत्र भरना पड़ रहा है । सर्वाधिक दिलचस्प बात तो यह है कि हिंदी व क्षेत्रीय भाषा की वकालत करने वालों के राज में अंग्रेजी न पढ़ पाने वाले अधिकतम सोसायटी कर्मियों व किसानों के लिये यह प्रपत्र अंग्रेजी में है ।किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुये बतलाया है कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 को रायपुर सहित 12 जिलों में बीमा की जिम्मेदारी एच डी एफ सी एग्रो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर है । अधिसूचित इन 12 जिलों रायपुर , बिलासपुर , दुर्ग , महेन्द्रगढ़ , चिरमिरी - भरतपुर , मुंगेली , सुकमा, सरगुजा , बालोद , बलौदाबाजार , महासमुंद , दंतेवाड़ा व गौरेला पेंड्रा मरवाही के लिये अधिसूचित फसल सिंचित व असिंचित धान , उड़द , मूंग , मूंगफली , कोदो , कुटकी , मक्का , अरहर , तुअर , रागी व सोयाबीन के लिये यह योजना लागू किया गया है । अधिसूचित फसलों हेतु जिलेवार अलग - अलग प्रत्येक हेक्टेयर हेतु बीमित राशि तय कर प्रिमियम निर्धारित किये जाने की जानकारी देते हुये उन्होंने आगे जानकारी दी है कि बहुतायत में बोये जाने वाले धान हेतु रायपुर जिले के लिये सिंचित धान हेतु हेतु बीमित राशि 60 हजार व प्रीमियम राशि 12 सौ रुपये तथा असिंचित धान हेतु बीमित राशि 45 हजार व प्रीमियम राशि 9 सौ निर्धारित किया गया है

# श्याम रसोई के सदस्यों ने रायगढ़ पुलिस का किया सम्मान

**रायगढ़, 25 जुलाई।** संजय काम्प्लेक्स स्थित खाटू श्याम मंदिर में विगत दिनों चोरी की बड़ी घटना हुई थी। जिसमें बाबा के आभूषण चोर द्वारा चुराया गया था। यह घटना प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश में चर्चा का विषय थी जो आस्था पर एक बड़ी चोट थी। रायगढ़ पुलिस विभाग ने भी इस घटना को एक चैलेंज के रूप में लेते हुए रात दिन एक कर न केवल चोर का पता लगाया साथ ही मंदिर से चुराए गए सभी आभूषण एवं नगदी की शत



प्रतिशत रिकवरी की। बाबा के सभी आभूषण मिलने एवं चोर के पकड़े जाने पर पूरे श्याम जगत में हर्ष व्याप्त है।रायगढ़ श्याम जगत की संस्था श्री श्याम रसोई के सदस्यों द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं सभी थानों में जाकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा, सिटी कोतवाली प्रभारी सुखनंदन पटेल,कोतरा रोड थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ,जूटमिल थाना प्रभारी प्रशांत राव,सायबर सेल प्रभारी को दुपट्टा पहना कर सम्मान किया एवं उन्हें प्रसाद रूपी मिष्ठान भेंट किया। इसके साथ ही श्याम रसोई के सदस्यों ने सभी थानों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी मिष्ठान के डब्बे वितरित कर अपनी खुशी का इजहार किया एवं पुलिस प्रशासन को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। रसोई के सदस्यों में प्रमुख रूप से सोनू अग्रवाल, अरुण डालमिया, बबलू अग्रवाल, के.बी.गोयल, प्रकाश निगानिया, ऐश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सुमित बेरीवाल, अभिषेक गोयल, अभिषेक अग्रवाल (कालू) और जसमीत बग्गा (गुड्डा) सहित सदस्य उपस्थित थे।

रायगढ़ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने रसोई की सदस्यों को कहा इसे हमारा पूरा पुलिस विभाग एक बड़ी चुनौती के रूप में ले रहा था। क्योंकि यहां प्रश्न आस्था का था। इस पूरी कार्रवाई में नागरिकों का पुलिस को भरपूर सहयोग मिला। नागरिकों और श्याम प्रेमियों के संयम से ही पुलिस इस घटना पर एक एक बिंदु पर फोकस कर चोर तक पहुंची। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने सभी नागरिकों को एक सीसीटीवी कैमरा घर के बाहर रोड पर लगाने के आग्रह किया।

एक नजर



## WWE के दिग्गज हल्क होगन का हुआ निधन

### 71 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

**जॉर्जिया, 25 जुलाई।** WWE के दिग्गज रेसलर टेरी बोलिया, जिन्हें हल्क होगन के नाम भी जाना जाता है। उनका 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। कार्डिक अरेस्ट की वजह से उनकी मौत हुई है। गुरुवार की सुबह उन्हें स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत हुई थी। इसके बाद उन्हें चिकित्सा सहायता दी गई। लेकिन फिर भी कुश्ती के इस दिग्गज को बचाया नहीं जा सका। होगन को स्ट्रेचर पर उनके घर से पास के एक अस्पताल ले जाया गया था। हल्क होगन 1980 और 1990 के दशक में अपनी कुश्ती और व्यक्तित्व की वजह से घर-घर में जाना पहचाना नाम बन गए थे। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया और अपनी एक अलग पहचान बनाई। 11 अगस्त 1953 को जॉर्जिया के ऑगस्टा में जन्में हल्क पेशेवर कुश्ती के इतिहास के सबसे प्रतिष्ठित शख्सियतों में से एक थे। उन्हें WWE हॉल ऑफ फेम में दो बार शामिल किया गया, एक बार 2005 में एकल प्रतिभागी के रूप में और फिर 2020 में NWO के सदस्य के रूप में। वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट को यह जानकर दुख हुआ है कि WWE हॉल ऑफ फेमर हल्क होगन का निधन हो गया है। पॉप संस्कृति की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक होगन ने 1980 के दशक में WWE को वैश्विक पहचान दिलाने में मदद की।

# फिर भिड़े अंग्रेज बल्लेबाज और सिराज

### अंपायर से कर दी शिकायत, एक-दूसरे को दिखाई उंगली



**मैनचेस्टर, 25 जुलाई।** मैनचेस्टर टेस्ट का 23 जुलाई से आगाज हो चुका है। पहले 2 दिन मेजबान इंग्लैंड ने शानदार खेल दिखाया जिसकी वजह से टीम इंडिया बैकफुट पर है।

टीम इंडिया को पहली पारी में 358 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड की सलामी जोड़ी ने कमाल का प्रदर्शन किया। बेन डकेट और जैक क्रॉली के बीच पहले विकेट के लिए शानदार शतकीय साझेदारी हुई। भारतीय गेंदबाज 30 ओवर तक विकेट के लिए तरसते रहे, जिसका नतीजा ये हुआ कि इंग्लैंड की सलामी जोड़ी ने 150 से ज्यादा रनों की साझेदारी कर डाली। भारत को पहला विकेट 32वें ओवर में जाकर मिला। रवींद्र जडेजा ने जैक क्रॉली को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। क्रॉली ने 84 रनों की पारी खेली।

क्रॉली के आउट होने के बाद बेन डकेट के पास शतक जड़ने का शानदार मौका था लेकिन डेब्यूटेंट अंशुल कंबोज ने आउट कर इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। डकेट अपने शतक से सिर्फ6 रन दूर रह गए। उन्होंने 100 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से 94 रन बनाए। डकेट आउट होने से पहले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज से उलझते नजर आए, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल, दिन का खेल खत्म होने से पहले कुछ देर पहले ही बेन डकेट पवेलियन लौटे। इससे पहले मोहम्मद सिराज और बेन डकेट के बीच जुबानी जंग देखने को मिली। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को उंगली से इशारा करते हुए गुस्सा भी जाहिर किया। अंत में बेन डकेट अंपायर से सिराज की शिकायत करते दिखाई दिए। हालांकि, बाद में अंपायर ने मामला शांत कराते हुए मैच को फिर से शुरू करवाया।

**पहले भी हो चुकी है भिड़ंत**

5 मैचों की टेस्ट सीरीज में यह पहली बार नहीं है जब दोनों खिलाड़ियों के बीच जोरदार बहस देखने को मिली है। इससे पहले लॉर्ड्स टेस्ट में भी दोनों के बीच भिड़ंत हुई थी।

सिराज ने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान बेन डकेट का विकेट लेने के बाद उन्हें धक्का मारा था। इसके बाद ने सिराज पर 15 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना ठोकते हुए एक डिमेरिट अंक भी उनके खाते में जोड़ा था। इस घटना के बाद भी दोनों खिलाड़ियों ने कोई सबक नहीं लिया है।

# शुभमन गिल की रणनीति की खुली पोल



**मैनचेस्टर, 25 जुलाई।** शुभमन गिल अचानक से अपनी कप्तानी में रन बनाना तो भूल ही गए हैं, साथ ही वे मैदान पर भी कुछ ऐसे फैसले ले रहे हैं, जो किसी की भी समझ से परे हैं। मैनचेस्टर टेस्ट में दो दिन का खेल हो गया है, लेकिन अभी तक किसी भी टीम का पलड़ा भारी नहीं है।

इस बीच दूसरे दिन जब टीम इंडिया गेंदबाजी कर रही थी, तब शुभमन गिल ने कुछ ऐसा किया, जो किसी को समझ में नहीं आया। सवाल ये उठने शुरू हो गए हैं कि आखिर वो खिलाड़ी टीम में किसलिए शामिल किया गया है।

मैनचेस्टर टेस्ट में टीम इंडिया की पूरी पारी केवल 358 रन पर ही सिमट गई। साई सुदर्शन टीम के सवोच्च स्कोरर रहे, उन्होंने 151 बॉल पर 61 रन बनाने में कामयाबी हासिल की। उनके अलावा यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत ने भी अर्धशतक पूरे किए, हालांकि शतक कोई भी बल्लेबाज नहीं लगा सका। इसके बाद टीम इंडिया की गेंदबाजी आई। मैच के दूसरे दिन जब इंग्लैंड की बल्लेबाजी आई तो भारतीय टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 46 ओवर की गेंदबाजी कर ली थी, लेकिन इस दौरान वॉशिंग्टन सुंदर से एक भी ओवर नहीं डलवाया गया। सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉले और बेन डकेट के बीच 166 रनों की साझेदारी हुई, जिसे बाद में रवींद्र जडेजा ने तोड़ा, लेकिन इसके बाद भी कप्तान ने अपने दूसरे स्पिनर सुंदर को गेंदबाजी नहीं दी। अब ऐसा क्यों किया गया, इसका जवाब तो खुद कप्तान गिल ही दे सकते हैं।

**आखिर टीम में क्या कर रहे हैं सुंदर**

क्या वॉशिंगटन सुंदर एक बल्लेबाज की हैसियत से खेल रहे हैं। अगर ऐसा है तो फिर एक प्रॉपर बल्लेबाज ?टीम में आ सकता था। वो करुण नायर या फिर अभिमन्यु ईश्वरन हो सकते थे। अगर विशुद्ध स्पिनर ही खिलाना था तो कुलदीप यादव एक बेहतर विकल्प हो सकते थे, लेकिन टीम में अगर सुंदर को रखा गया है तो फिर उनसे गेंदबाजी कराई जा सकती थी, क्या पता वे एक और विकेट लेकर टीम को थोड़ी ठीक स्थिति में पहुंचा सकते थे। फिलहाल तो जो हालात हैं, उससे लगता है कि टीम इंडिया थोड़ी सी पीछे है, अब तीसरे दिन का खेल तय करेगा कि मैच किस ओर जाएगा।

# फिडे महिला विश्व कप : कोनेरू हम्पी ने फाइनल में बनाई जगह

### अब भारतीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख से होगा सामना



**नई दिल्ली, 25 जुलाई।** ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने फिडे महिला विश्व कप सेमीफाइनल में चीन की टिंगजी लेई को टाईब्रेकर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हरा दिया और अब फाइनल उनका सामना हमवतन भारतीय दिव्या देशमुख से होगा। उन्होंने सेमीफाइनल में कमाल का प्रदर्शन किया और उनके सामने चीनी प्लेयर की एक ना चली। फाइनल में जगह बनाने वाली हम्पी और दिव्या दोनों ने अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

सामान्य समय नियंत्रण में पहली दो बाजी ड्रॉ होने के बाद कोनेरू हम्पी को टाईब्रेकर में 1-1 से ड्रॉ के साथ संतोष करना पड़ा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के लिए 15-15 मिनट की दो बाजी एक्स्ट्रा समय के साथ थी। अगली दो टाईब्रेक बाजी 10-10 मिनट की थी। लेई ने पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई, लेकिन हम्पी ने मुश्किल स्थिति में होने के बावजूद दूसरी बाजी जीतकर मुकाबला फिर बराबर कर दिया। टाईब्रेक बाजी के तीसरे सेट में कोनोरू हम्पी ने पहली बाजी में सफेद मोहरों से शुरुआत की और खेल के सभी विभागों में टिंगजी लेई को परास्त करते हुए इसे जीत लिया। पहली बाजी जीतने के बाद फाइनल में पहुंचने के लिए हम्पी को बस एक ड्रॉ की जरूरत थी और उन्होंने जीत हासिल करके खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

दूसरी तरफ इंटरनेशनल मास्टर दिव्या देशमुख ने फिडे महिला विश्व शतरंज कप के सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की झोंगयी टैन को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल में जगह बनाने के साथ ही अगले साल महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में उनका प्रवेश भी सुनिश्चित हो गया है जिससे मौजूदा महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा। चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोनर झू और तत्कालीन हमवतन ग्रैंडमास्टर डी हरिका को क्वार्टर फाइनल में हराने के बाद दिव्या ने इस टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखा था।

# काउंटी क्रिकेट में जमकर बोल रहा तिलक का बल्ला

**हैंपशर, 25 जुलाई।** भारतीय क्रिकेट टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड से दो-दो हाथ कर रही है तो वहीं, भारत के धाकड़ बल्लेबाज तिलक वर्मा काउंटी क्रिकेट में अपनी शानदार बैटिंग का जलवा बिखेर रहे हैं। काउंटी में पहला सीजन खेलते हुए तिलक वर्मा ने तहलका मचा दिया है।

पिछले महीने हैंपशर की ओर से काउंटी चैंपियनशिप में डेब्यू करते हुए तिलक वर्मा ने धमाकेदार शतक जड़ा था और अब एक बार फिर बल्ले से कमाल करते हुए शानदार सैकड़ा जड़ दिया। उनका ये दूसरा शतक महज चौथी पारी में आया है। तिलक ने 256 गेंदों का सामना करते हुए 112 रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 15 बाउंड्री निकली। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक



हैंपशर ने 6 विकेट पर 367 रन बना लिए थे और तिलक की इस जुझारू पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया।

**शतकीय पारी में 15 बाउंड्री जड़ी**

तिलक वर्मा का ये शतक काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन वन 2025 के 47वें मुकाबले में आया है। हैंपशर की ओर से खेलते हुए तिलक वर्मा ने नॉटिंघमशर के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तानी गेंदबाज मोहम्मद अब्बास के खिलाफ भी खूब रन बटोरे। तिलक वर्मा ने अपने 112 रनों की पारी में 13 चौके और 2 छक्के जड़े। वर्मा दिन का खेल खत्म होने से कुछ देर पहले ही फ्रेडी मैककैन का शिकार बन गए।

काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन वन 2025 में तिलक वर्मा हैंपशर के लिए छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह अब तक 3 मैचों की 4 पारियों में 78.75 के औसत से 315 रन बना चुके हैं। उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप के अपने डेब्यू मैच में ही शतक जड़ सनसनी मचाई थी। हैंपशर और एसेक्स के बीच खेले गए इस मैच में उन्होंने 241 गेंदों में 11 चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 100 रनों की पारी खेली थी और विदेशी सरजमीं पर अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाया था। इसके बाद उन्होंने वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ पहली पारी में शानदार अर्धशतक और दूसरी पारी में 47 रन बनाने का कारनामा किया था। और अब चौथे मैच में एक बार फिर सैकड़ा जड़ते हुए इंग्लैंड में धमाका कर दिया है।

## व्यापार

# Tesla का मुनाफा गिरा, कमाई घटी



**मुंबई, 25 जुलाई।** Tesla ने अप्रैल-जून तिमाही (Q2) के नतीजे जारी किए हैं, जिसमें कंपनी की कमाई और मुनाफे में भारी गिरावट देखी गई है। कंपनी का कुल रेवेन्यू 12 प्र. घटकर 22.5 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी अवधि में 25.5 अरब डॉलर था। वहीं, मुनाफा 16 प्र गिरकर 1.17 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल 1.4 अरब डॉलर था। समायोजित आधार पर कंपनी की प्रति शेयर कमाई 40 सेंट रही।

**ऑटो सेक्टर में सबसे बड़ी गिरावट**

Tesla की कमाई में सबसे बड़ी गिरावट उसके ऑटोमोबाइल बिजनेस से आई है। इस सेगमेंट का रेवेन्यू घटकर 16.7 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 19.9 अरब डॉलर था। रेगुलेटरी क्रेडिट से होने वाली बिक्री भी लगभग आधी होकर 439 मिलियन डॉलर रह गई, जो पहले 890 मिलियन डॉलर थी। कंपनी ने इस तिमाही में 3.84 लाख वाहन डिलीवर किए, जो पिछले साल के मुकाबले 14 प्र. कम है।

हालांकि, Tesla के सर्विस सेगमेंट ने थोड़ी राहत दी। इसमें सुपरचार्जर स्टेशन शामिल हैं। इस सेगमेंट का ग्रॉस प्रॉफिट 17 प्र. बढ़ा है। कंपनी ने 2,900 नए सुपरचार्जर स्टॉल्स जोड़े हैं, जिससे इसका ग्लोबल नेटवर्क 18 प्र. बढ़कर 7,300 से ज्यादा स्टेशनों तक पहुंच गया है। Tesla की कमजोर प्रदर्शन के पीछे कई कारण हैं। CEO एलन मस्क की अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप और यूरोप में जर्मनी की दक्षिणपंथी पार्टी AfD को दिए गए समर्थन को लेकर कंपनी को राजनीतिक आलोचना झेलनी पड़ी। इससे ब्रांड की छवि पर असर पड़ा।

# एयर इंडिया को डीजीसीए ने थमाया चार शो-कॉज नोटिस

### इन फ्लाइट्स में नहीं हुआ नियमों का पालन



**नई दिल्ली, 25 जुलाई।** भारत के विमानन नियामक डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) ने गुरुवार को एयर इंडिया पर शिकंजा कसते हुए चार कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस कैबिन क्रू की ड्यूटी और विश्राम से जुड़े गाइडलाइंस, ट्रेनिंग प्रोटोकॉल, और ऑपरेशनल प्रक्रियाओं में गंभीर चूक के आरोपों को लेकर जारी किए गए हैं। के मुताबिक, सूत्रों के मुताबिक, ये नोटिस एयर इंडिया द्वारा 20 और 21 जून को स्वेच्छा से सौंपी गई जानकारी के आधार पर 23 जुलाई को जारी किए गए।

खबर के मुताबिक, पहले तीन नोटिस 20 जून को दी गई जानकारी पर आधारित हैं। इनमें बताया गया है कि एयर इंडिया ने कम से कम चार अल्ट्रा लॉन्ग हॉल फ्लाइट्स में कैबिन क्रू के ड्यूटी और आराम नियमों का उल्लंघन किया। ये फ्लाइट्स 27 अप्रैल (दो बार), 28 अप्रैल और 2 मई 2025 को संचालित की गई थीं। इसी रिपोर्ट में 26 जुलाई 2024, 9 अक्टूबर 2024 और 22 अप्रैल 2025 की फ्लाइट्स में क्रू ट्रेनिंग और संचालन प्रक्रिया की अनदेखी की भी बात सामने आई है। चौथा नोटिस 21 जून को दी गई रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें 10-11 अप्रैल, 16 फरवरी-19 मई और 1 दिसंबर 2024 की उड़ानों में ट्रेनिंग और ऑपरेशनल नियमों का उल्लंघन पाया गया। एक अन्य नोटिस में 24 जून 2024 और 13 जून 2025 को की गई फ्लाइट्स में फ्लाइट ड्यूटी पीरियड और वीकली रेस्ट जैसे जरूरी नियमों का पालन नहीं होने की बात कही गई है।

**एयर इंडिया की प्रतिक्रिया**

एयर इंडिया ने नोटिसों की पुष्टि करते हुए एक आधिकारिक बयान में कहा कि हमने नियामक द्वारा भेजे गए नोटिस हासिल किए हैं, जो पिछले एक साल में दी गई स्वैच्छिक रिपोर्टिंग से संबंधित हैं। हम तय समय के भीतर इन पर जवाब देंगे। एयर इंडिया यात्रियों और क्रू की सुरक्षा को सर्वोपरि मानती है।

हाल ही में एयर इंडिया पर डीजीसीए की निगरानी और सख्ती में इज़ाफा हुआ है। जैसा कि आप जानते हैं कि 12 जून 2025 को अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा एक बोइंग 787-8 विमान, उड़ान भरने के तुरंत बाद एक इमारत से टकरा गया था। इस भीषण हादसे में 260 लोगों की जान चली गई थी।

# भारत-यूएस डील पर अनिश्चितता से बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 600 अंक टूटा



**मुंबई, 25 जुलाई।** वैश्विक बाजारों से सुस्त संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के लास्ट ट्रेडिंग सेशन यानी शुक्रवार (24 जुलाई) को गिरावट के साथ खुले। 1 अगस्त की समय सीमा से पहले संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर अनिश्चितता के कारण बाजार की धारणा पर असर पड़ा। वहीं, बजाज फाइनेंस के शेयर में एसेट क्वालिटी संबंधी चिंताओं के कारण गिरावट आई है। जबकि निवेशक ब्रिटेन के साथ हुए नए व्यापार समझौते पर विचार कर रहे हैं। इसके तहत कपड़ा से लेकर व्हिस्की और कारों तक के उत्पादों पर टैरिफ में कटौती की जाएगी। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स 366 अंक या 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,818 पर ओपन हुआ। बाद में इंडेक्स में गिरावट गहरा गई। दोपहर 1:15 बजे यह 608.69 अंक या 0.74 फीसदी की गिरावट लेकर 81,575 पर कारोबार कर रहा था।

नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 इंडेक्स 116 अंक या 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,000 अंक से नीचे 24,946 पर खुला। इसी के साथ यह 25,000 के सपोर्टिंग लेवल से नीचे आ गया। दोपहर 1:15 बजे यह 206.20 अंक या 0.82 फीसदी की गिरावट के साथ 24,855 पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, कोटक बैंक, एमएंडएम, टाटा स्टील, रिलायंस, पावर ग्रिड और एचयूएल के शेयर शुरुआती कारोबार के दौरान सबसे ज्यादा गिर गए। इनमें 5 फीसदी तक की गिरावट आई है। दूसरी तरफ आईसीआईसीआई बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारतीय स्टेट बैंक और एनटीपीसी के शेयर हरे निशान में थे।

# भारत-ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए



**लंदन, 25 जुलाई।** भारत और ब्रिटेन ने आखिरकार गुरुवार को मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीए पर हस्ताक्षर कर दिए। इससे दोनों देशों के उपभोक्ताओं को काफी लाभ मिलने वाला है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। आपको बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन के दो दिनों के दौरे पर हैं। उन्होंने ब्रिटिश पीएम किएर स्टार्मर से लंदन में मुलाकात की। इस समझौते को लेकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने कहा कि यूरोपियन यूनियन से निकलने के बाद अबतक का सबस ऐतिहासिक समझौता है। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद, आज दोनों देशों के बीच एक व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता संपन्न हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक है। भारत के किसानों और एमएसई को इससे फायदा होगा। ये सिर्फ व्यापार समझौता नहीं साझा समृद्धि की योजना है। इससे निवेश बढ़ेगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई सेक्टर के लिए यह समझौता विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। पीएम ने कहा कि एक तरफ भारतीय टेक्सटाइल्स, फुटवियर, जेम्स एण्ड ज्वेलरी, सीफूड और इंजीनियरिंग गुड्स को ब्रिटेन में बेहतर मार्केट पहुंच मिलेगी, वहीं भारत के ऐग्रिकल्चर उत्पाद और प्रोसेस्ड फूड इंडस्ट्री के लिए ब्रिटेन के बाजार में नए अवसर बनेंगे। मोदी ने कहा कि अगले दशक में हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति और ऊर्जा देने के लिए, आज हम विजन 2035 पर भी बात करेंगे।

# बेंगलुरु में इन्फ्रा पर जोर, शहर के ट्रैफिक को आसान बनाने के लिए चल रहे प्रोजेक्ट्स

**बेंगलुरु, 25 जुलाई।** बेंगलुरु में इन्फ्रास्ट्रक्चर (बुनियादी ढांचे) को लेकर एक अहम डेवलपमेंट है। इसके तहत, बेंगलुरु स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने आउटर रिंग रोड के अपग्रेडेशन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। 22 किलोमीटर लंबा यह रिंग रोड बैयप्पनाहल्ली से सिल्क बोर्ड जंक्शन के बीच फैला हुआ है और इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक विकसित करने की योजना है। बेंगलुरु स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड अब एक निजी फर्म को नियुक्त करने जा रहा है, जिसे मुख्य सड़कों और सर्विस रोड के लिए समाधान सुझाने और ड्रॉइंग तैयार करने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

यह परियोजना बृहत बेंगलुरु महानगर पालिके (बीबीएमपी) द्वारा अपने हालिया बजट में एक हिस्से के विकास के लिए 400 करोड़ रुपये अलॉट करने की घोषणा के बाद शुरू की गई है। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिके ने शहर के 75 प्रमुख जंक्शनों के सुधार को भी मंजूरी दी है, जिसकी अनुमानित लागत 100 करोड़ रुपये है। यह कार्य 15 पैकेजों में बांटा गया है और अगले छह महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि आउटर रिंग रोड को अपग्रेड करने की घोषणा 2023-24 के राज्य बजट में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई द्वारा की गई थी।

# गोवा में फैक्ट्री कर्मचारियों की ड्यूटी अब 10 घंटे

### विधानसभा ने पास किया बिल



**पणजी, 25 जुलाई।** गोवा में फैक्ट्री कर्मचारियों को अब 9 घंटे के जगह 10 घंटे ड्यूटी करनी होगी। दअसल, गोवा विधानसभा ने गुरुवार देर रात फैक्ट्रियों में कर्मचारियों के लिए काम के घंटों की सीमा 9 से बढ़ाकर 10 घंटे करने का प्रस्ताव पारित कर दिया। खबर के मुताबिक, यह कदम राज्य में 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' को प्रोत्साहित करने और औद्योगिक नियमों को अधिक सरल और अनुकूल बनाने के मकसद से उठाया गया है।

खबर के मुताबिक 'फैक्ट्रीज (गोवा संशोधन) विधेयक' को राज्य के फैक्ट्री और बॉयलर्स मंत्री नीलकंठ हालारणकर ने सदन में प्रस्तुत किया। इस प्रस्ताव के तहत, केंद्र सरकार के फैक्ट्री अधिनियम की धारा 54 में संशोधन कर गोवा में वयस्क कर्मचारियों के लिए दैनिक कार्य समय एक घंटे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, धारा 65 में बदलाव कर तिमाही आधार पर ओवरटाइम की अधिकतम सीमा 125 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे करने का भी प्रावधान जोड़ा गया है।

**विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा**

इस बिल के उद्देश्यों में कहा गया है कि इन संशोधनों से फैक्ट्रियों को संचालन में अधिक लचीलापन मिलेगा, यह उद्योगों की बदलती जरूरतों के मुताबिक होगा और साथ ही श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कानूनी मानकों का पालन भी होगा। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने स्पष्ट किया कि इस विधेयक से राज्य के खजाने पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि विधेयक को अंतिम मंजूरी के लिए अब राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा, जिसके बाद ही यह कानून के रूप में प्रभावी होगा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, गोवा में स्टार्टअप्स की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। आपको जानकर यह शायद आश्चर्य होगा कि साल 2017 में इनकी संख्या सिर्फ 12 थी, आज 2025 में वह बढ़कर 651 हो गई है।

## एक नजर

### ऑफिस के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 25 जुलाई।** आमानाका हर्षित कॉर्पोरेट के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बोरियाखुर्द टिकरापारा निवासी शेखर साहू 26 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केडी 7918 को आमानाका स्थित हर्षित कॉर्पोरेट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मवेशी तस्करी करते पिकअप चालक गिरफ्तार

**रायपुर, 25 जुलाई।** पारागांव से निजरा के मध्य आरंग पुलिस ने मवेशी तस्करी करते पिकअप चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मवेशी से दो भैस और एक पड़िया जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पारागांव से निजरा के मध्य दबिश देकर पिकअप क्रमांक सीजी 06 जीजे 5902 को रोककर तलाशी लिए तो उसमें दो भैस और एक पड़िया मिला। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक आशीष यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में पशु अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

### गांजा के साथ बुजुर्ग पकड़ाया

**रायपुर, 25 जुलाई।** गोबरानवापारा पुलिस ने कृषि उपज मंडी के पास गांजा के साथ एक बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नवापारा स्थित कृषि उपज मंडी के पास दबिश देकर आरोपी घसीया साहू 75 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गले में चना अटकने से दो साल के बच्चे की मौत

**कोरबा 25 जुलाई।** गले में चना अटकने से दो साल के बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया, जबकि डॉक्टरों ने दावा किया कि बच्चे की हालत पहले से ही गंभीर थी।

# छत्तीसगढ़ में निरस्त किये जाएंगे हजारों राशन कार्ड!

## ई-केवाईसी नहीं कराये गए राशनकार्ड के भौतिक सत्यापन में जुटा विभाग

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में हजारों राशनकार्ड धारकों को बड़ा झटका लग सकता है। राज्य की सरकार इनके राशनकार्ड निरस्त कर सकती है। इसकी वजह है इन कार्ड का ई-केवाईसी नहीं होना। सत्यापन नहीं होने की वजह से ही राशनकार्ड कैंसिल किये जाने की आशंका जाहिर की जा रही है।




दरअसल राज्य सरकार के खाद्य विभाग की तरफ से राशनकार्डों का सत्यापन कराया जा रहा है। इसके लिए ई-केवाईसी की जरूरत है। सरकारी निर्देश मुताबिक़ कार्डधारकों को नजदीकी राशन की दुकानों में जाकर अपने राशनकार्ड का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया था। हालांकि अब इस प्रक्रिया की मियाद ख़त्म हो चुकी है जबकि 38 लाख लोगों ने यह प्रक्रिया नहीं कराई है, ऐसे में अब उनके राशन कार्ड निरस्त किये जाने की आशंका जाहिर की जा रही है। फ़िलहाल खाद्य विभाग ई-केवाईसी नहीं कराये गए राशनकार्ड के भौतिक सत्यापन में जुटा हुआ है। बता दें कि, छत्तीसगढ़ में फ़िलहाल 81 लाख राशन कार्ड धारक है। जबकि इन राशनकार्ड के हितग्राहियों की संख्या करीब 2 करोड़ 73 लाख है।

गौरतलब है कि, भारत सरकार के एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में आधार प्रमाणीकरण आधारित खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू करने हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े सभी राशनकार्डधारकों के परिवार के सदस्यों का ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ई-केवायसी से छूट प्रदान की गई है। खाद्य सचिव रीना कंगाले ने जानकारी दी कि राज्य की सभी उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीनों के माध्यम से ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा विकसित ÷मेरा ई-केवायसी÷ मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से भी हितग्राही अपने स्मार्टफोन से घर बैठे स्वयं ई-केवायसी कर सकते हैं। मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर, आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते है।

# होटल में युवती का ड्रग्स लेते वीडियो हुआ वायरल

## कांग्रेस ने सरकार पर उठाए सवाल

**रायपुर, 25 जुलाई।** राजधानी रायपुर के निजी होटल में युवती के ड्रग्स लेने का वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में युवती 500 रुपए के नोट में ड्रग्स की लाइन बनाते और फिर चाटते हुए दिख रही है. वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक पार्टियों के बीच बयानबाजी शुरू हो गई है. कांग्रेस ने इस मामले को लेकर सरकार पर ड्रग्स माफ़ियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया है. वहीं भाजपा ने कांग्रेस के इस बयान पर पलटवार किया है. पूर्व कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय ने ड्रग्स लेने के वायरल वीडियो मामले को लेकर सरकार को जमकर घेरा है. उन्होंने कहा कि सरकार ड्रग्स माफ़ियाओं को संरक्षण देने का काम कर रही है. ड्रग्स माफ़िया युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में धकेल रहे हैं. उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा कि डबल इंजन सरकार में ड्रग्स कहां से आ रही है?

**कांग्रेस के बयान पर भाजपा का पलटवार**

भाजपा संगठन महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस के बयान पर पलटवार किया. कहा कि कांग्रेस आरोप लगाने से पहले ये ध्यान में रख लें, जो नशा करते दिख रहे हैं, कहीं वो कांग्रेस परिवार से जुड़े हुए तो नहीं हैं. पिछली सरकार में नशे ने व्यापक रूप लिया और उनके करतूतों से आज सरकार जूझ रही है. भाजपा सरकार में नशे के खिलाफ कड़ाई से कार्रवाई की जा रही है.

# बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी

## 28 जिलों में हो रही झमाझम वर्षा

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 25 जुलाई।** राजधानी सहित पूरे प्रदेश में आज झमाझम वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री आज वर्षा के बावजूद अपने गृहग्राम बगिया हेलीकॉप्टर से पहुंचे। भारी वर्षा होने के कारण महानदी, शिवनाथ, केलो, खारून, इन्द्रावती सहित अन्य नदियों के जल स्तर बढ़ते जा रहे हैं। वहीं मौसमी नालाओं में भी जल स्तर बढ़ने के कारण कई जगह यातायात प्रभावित हो रहा है।



मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा से मिली जानकारी के अनुसार खाड़ी में एक अवदाब बनने से यहां पर अच्छी वर्षा हो रही है। जिसके कारण ओड़िसा, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं पूर्व मध्यप्रदेश में अच्छी वर्षा हो रही है। आज सभी 28 जिलों में झमाझम वर्षा हो रही है, जिसके कारण कृषि कार्य में तेजी आ गई है।

**दक्षिण बस्तर एवं उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा**

झारखण्ड के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र तथा द्रोणिका निर्मित होने के कारण उत्तरी छत्तीसगढ़ के सरगुजा के अंतर्गत आने वाले सूरजपुर, बलरामपुर, अम्बिकापुर तथा दक्षिण छत्तीसगढ़ नारायणपुर,बीजापुर, तथा कांकेर में भी भारी वर्षा हो रही है।

**अवदाब बनने से हो रही वर्षा**

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक अवदाब तटीय पश्चिम बंगाल और उससे लगे बांग्लादेश तट के पास स्थित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर उड़ीसा, झारखंड की ओर अगले 24 घंटे में पहुंचने की संभावना है। मानसून द्रोणिका जम्मू, चंडीगढ़, बरेली, गोरखपुर, पटना, बांकुरा, कोलकाता, अवदाब के केंद्र तक स्थित है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक द्रोणिका हरियाणा और उसके आसपास अवदाब के केंद्र तक उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड, उत्तर उड़ीसा होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है।

# स्वच्छता हम सभी की है जिम्मेदारी : सीएम साय

## मुख्यमंत्री ने स्वच्छता दीदियों को किया सम्मानित

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर 25 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में हमारी स्वच्छता दीदियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, जिन्होंने निष्ठा, परिश्रम और सेवा-भावना के साथ समाज को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज जशपुर जिले के ग्राम बगिया में आयोजित सम्मान समारोह में स्वच्छता दीदियों को साड़ी, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।




मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जशपुर एक प्राकृतिक रूप से समृद्ध और सुंदर जिला है, लेकिन पहले जब वे गांवों का दौरा करते थे, तो सड़कों के किनारे फैला कचरा गांवों और नगरों की सुंदरता को धूमिल कर देता था। इस स्थिति को बदलने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत कर इसे राष्ट्रीय जनआंदोलन में परिवर्तित किया। उन्होंने स्वयं झाड़ू उठाकर लोगों को प्रेरित किया और गांव-गांव, शहर-शहर स्वच्छता की अलख जगाई। उन्होंने हर नागरिक को स्वच्छ और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार दिलाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान में हमारी स्वच्छता दीदियों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनके अथक परिश्रम और समर्पण का ही परिणाम है कि आज जशपुर जिले ने स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। वे वास्तव में सम्मान की पात्र हैं, क्योंकि उन्होंने हमें स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में अमूल्य योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घर, मोहल्ले, चौराहे, मंदिर और सार्वजनिक स्थलों की सफाई को अपना कर्तव्य मानें और स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करें। उल्लेखनीय है कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी स्वच्छता सुधारों के मूल्यांकन और प्रोत्साहन हेतु स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के अंतर्गत 4,589 शहरों को शामिल किया गया था। इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण में जशपुर जिले के नगरीय निकायों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन कर देश भर में अपना परचम लहराया है।

# पीएचई विभाग की भर्ती प्रक्रिया में डिप्लोमा बनाम डिग्री का विवाद, सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिकी नजरें

**रायपुर, 25 जुलाई।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) में उप अभियंता सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल के 118 पदों पर निकाली गई भर्ती प्रक्रिया एक नए विवाद में फंस गई है। यह मामला अब डिप्लोमा बनाम डिग्री की तर्ज पर एक बड़ी कानूनी लड़ाई बन गया है, जिसकी अंतिम सुनवाई अब सर्वोच्च न्यायालय में होगी।

सरकार द्वारा जारी भर्ती विज्ञापन में स्पष्ट किया गया था कि इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तीन वर्षीय डिप्लोमा होगी। लेकिन इस पर आपत्ति जताते हुए डिग्री धारकों ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की, जहां से उन्हें राहत मिली। इसके बाद पूरी भर्ती प्रक्रिया पर असमंजस की स्थिति बन गई। डिप्लोमा धारकों ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनका कहना है कि देश की बड़ी-बड़ी तकनीकी संस्थाएं जैसे ISRO, DRDO और PSU में भी पद की प्रकृति के अनुसार शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की जाती है। चूंकि यह पद जूनियर इंजीनियर का है, इसलिए डिप्लोमा ही इस पद के लिए उपयुक्त योग्यता होनी चाहिए। इसके साथ ही डिप्लोमा अभ्यर्थी 7 नवंबर 2024 को आए सुप्रीम कोर्ट के एक महत्वपूर्ण फैसले का हवाला दे रहे हैं, जिसमें कहा गया था कि किसी भी भर्ती प्रक्रिया के दौरान नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता। अब इस पूरे मामले पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का इंतजार है, जो न केवल इस भर्ती के लिए बल्कि भविष्य की तकनीकी भर्तियों के लिए भी दिशा तय करेगा। लाखों डिप्लोमा धारक युवाओं की उम्मीदें अब शीर्ष अदालत के फैसले पर टिकी हैं।

# शराब व होटल कारोबारी के दिल्ली निवास पर ईडी का छापा

**रायपुर, 25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में 3,200 करोड़ रुपये के चर्चित शराब घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है. गुरुवार को ईडी की टीम ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए दुर्ग के मूल निवासी एक बड़े होटल और शराब कारोबारी के ठिकानों पर दबिश दी.

सूत्रों के मुताबिक, ईडी की टीम ने कारोबारी के दिल्ली स्थित निवास और रायपुर के तेलीबांधा इलाके में स्थित एक बड़े होटल में छापा मारा. बताया जा रहा है कि इस होटल का संचालन कारोबारी के परिवार के लोग कर रहे हैं. हालांकि ईडी की ओर से अब तक कार्रवाई की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है. जानकारी के अनुसार, जिस कारोबारी के ठिकानों पर कार्रवाई की गई है, वह पारिवारिक विवाद के बाद संपत्ति के बंटवारे में मिली हिस्सेदारी के साथ दिल्ली शिफ्ट हो गया था. उसके कई रेलवे स्टेशनों पर रेस्टोरेंट हैं और बोतलबंद पानी का कारोबार भी चलता है.

# मानव तस्करी का मामला, जीआरपी की हिरासत में 6 संदिग्ध

**रायपुर, 25 जुलाई।** मानव तस्करी के आरोप में 6 संदिग्धों को आज जीआरपी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इनसे अभी पूछताछ की जा रही है, इनमें दो नन भी शामल हैं। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार कोण्डागांव जिले के एक निजी अस्पताल में काम करने वाली दो किशोरियां आगरा जा रही थी। बताया जाता है ये आगरा में एक निजी अस्पताल में काम करने के लिए जा रही थी, लेकिन कतिपय हिन्दू संगठनों का शिकायत है कि इन्हें धर्मातरण कराने के लिए ले जा रहा था। इस शिकायत के पश्चात पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। राज्य के उत्तर छत्तीसगढ़ से ही मानव तस्करी हुमन ट्रैकिंग का मामला भी कई बार आ चुका है। इन सभी लड़कियों को अस्पताल में काम करने ले जाया जाता है, इसके पश्चात इन्हें धर्मांतरण करा दिया जाता है। जशपुर, बगिचा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लड़कियों को ले जाया जाता है।

**युवतियों को ले जाया जा रहा था काम के बहाने आगरा**

# लगातार बारिश से रोपा-बियासी में आई तेजी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 25 जुलाई।** प्रदेश में हो रही निरंतर वर्षा के कारण 75 प्रतिशत से अधिक बोआई का काम पूरा हो गया है। अब बियासी एवं रोपाई का काम तेजी पकड़ता जा रहा है। डीएपी खाद को लेकर इस समय घमासान बचा हुआ है। तरह नैनो डीएपी खाद की आपूर्ति की जा रही है। वहीं कांग्रेस इस मामले को लेकर राजनीति कर रही है।



कृषि विभाग के अनुसार प्रदेश में कुल 48 लाख हेक्टेयर जमीन पर कृषि कार्य हो रहा है। 7 लाख क्विंटल से अधिक प्रमाणिक बीज का वितरण हो चुका तथा 11 लाख टन से अधिक खाद का संग्रहण किया जा चुका है।

रोपाई के पहले डीएपी खाद की आवश्यकता होती है। वहीं अब रोपाई, बियासी के लिए यूरिया, फॉस्फेक्ट तथा एनपीके खाद का वितरण मार्कफेड के माध्यम से हो रहा है। सरकार द्वारा शीघ्र खाद का रेक आ रहा है।

विभिन्न समितियों में जाकर किसानों से पता करने पर पता चला कि कही भी डीएपी खाद नहीं है भारी वर्षा होने से किसान का काम जोरो से चल रहा है किसान रोपाई, बियासी में व्यस्तता के बावजूद समितियों में खाद छ्र क्क के लिए चक्कर लगाने मजबूर है अभी अति आवश्यक तुरंत बेसल खुराक में किसान डीएपी डालते है और वहीं खाद समितियों में उपलब्ध नहीं है किसानों में भारी आक्रोश है किसान करे तो करे क्या अब किसान खाद पर समितियों में निर्भरता के कारण बाहर निजी खाद दुकानों में नगद खरीदने वो भी ऊंची दामों में 1350 का डीएपी 2000,2200में लेने मजबूर होगे किसानों के पास नगद राशि का भी समस्या है समितियों में खाद नहीं है बाहर से लेने के लिए नगद राशि समितियों से खाद के बदले नहीं देते हैं।

# हरेली पर्व मनाकर लौट रहे परिवार की कार दुर्घटनाग्रस्त

## 3 साल का मासूम बहा



**बिलासपुर, 25 जुलाई।** जिले के खम्हरिया गांव का साहू परिवार हरेली पर्व पर दर्शन के लिए उच्चभट्ठी स्थित शिव शक्ति पीठ मंदिर गया था। दर्शन के बाद जब वे लौट रहे थे, तभी एक बड़ा हादसा हो गया। सीपत थाना क्षेत्र के झलमला गांव के पास तुंगन नाला पार करते वक्त कार अनियंत्रित होकर पानी में बह गई। कार में कुल 9 लोग सवार थे, जिनमें 4 व्यस्क और 5 बच्चे शामिल थे। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए 8 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, कार में सवार तीन साल का मासूम बच्चा तेजस नाले के तेज बहाव में बह गया और उसका पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलने पर सीपत पुलिस और एसडीआरएफकी टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। बच्चा अब भी लापता है और उसकी तलाश जारी है। यह दर्दनाक हादसा हरेली पर्व की खुशियों को मातम में बदल गया।

# गोस्वामी तुलसीदास की 528वीं जयंती पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**रायपुर।** संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज की 528वीं जयंती के अवसर पर श्री चित्रकुट मानस मंडली, रायपुर द्वारा एक विशेष धार्मिक आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम 31 जुलाई 2025, गुरुवार को श्री चित्रकुट मानस भवन, गोंदवारा रोड, गुढ़ियारी स्थित परिसर में आयोजित होगा। आयोजन की शुरुआत प्रातः 9:00 बजे से सुंदरकांड पाठ के साथ होगी।

इसके पश्चात मंडली के कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री रामकुमार साहू द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जी की जीवनी तथा श्रीरामचरितमानस के प्रेरक प्रसंगों पर सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालु भक्तजनों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग लाभ प्राप्त करें एवं अपने जीवन को आध्यात्मिक दिशा प्रदान करें।

# जशपुर के पीएमश्री विद्यालय में अब शुरू होगी एनसीसी एयर स्क्वाड्रन

## मुख्यमंत्री के प्रयासों से मिली स्वीकृति

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 25 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के युवाओं को अब एनसीसी में एयर स्क्वाड्रन के जरिए अपना कैरियर बनाने के लिए मदद मिल पाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रयासों से जिले के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में एनसीसी की एयर स्क्वाड्रन शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। यह छत्तीसगढ़ की 3 सीजी एनसीसी एयर स्क्वाड्रन होगी। श्री साय के प्रयासों से यह जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो स्थानीय युवाओं के भविष्य को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करेगी।



मुख्यमंत्री ने विद्यालय में एयर एनसीसी के लिए चयनित 25 मेधावी विद्यार्थियों को एनसीसी कैडेट्स का बैच लगाकर पंजीयन की शुरुआत की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इनमें 13 बालिकाएं और 12 बालक शामिल हैं। इस अवसर पर विंग कमांडर श्री विवेक कुमार साहू ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक श्रीमती गोमती साय और श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने पिछले एनसीसी दिवस समारोह के दौरान रायपुर के समान राज्य के अन्य हवाई पट्टी वाले शहरों में भी एनसीसी की एयर स्कवाड्रन शुरू करने की इच्छा व्यक्त की थी। अभी तक छत्तीसगढ़ में केवल रायपुर में ही एयर एनसीसी और उड़ान का प्रशिक्षण दिया जाता है, जबकि जगदलपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर और जशपुर जैसे स्थानों पर भी हवाई पट्टियों की सुविधा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री की इस पहल पर मार्च माह में जशपुर की आगडीह हवाई पट्टी को 3 सीजी एयर एनसीसी स्क्वाड्रन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई और एक माइक्रोलाइट विमान को प्रशिक्षण हेतु जशपुर भेजा गया। इस दौरान लगभग 100 कैडेट्स को उड़ान का वास्तविक अनुभव प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वयं हवाई पट्टी पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया और कैडेट्स से संवाद किया। कैडेट्स ने उन्हें विमान से संबंधित तकनीकी जानकारियाँ भी साझा कीं। वर्तमान में 3 सीजी एयर एनसीसी एयर स्क्वाड्रन, पूरे देश में एकमात्र एयर स्क्वाड्रन है जिसमें एम्स, एमबीबीएस और नर्सिंग के छात्र कैडेट के रूप में जुड़े हुए हैं। कैडेटों को यूपीएससी और एसएसबी साक्षात्कार के माध्यम से सेना में 25 वैकेन्सी /पाठ्यक्रम के अवसर मिलते हैं, एसएससी के माध्यम से ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी के लिए 50 वैकेंसी/पाठ्यक्रम के अवसर मिलते हैं जिसमें यूपीएससी परीक्षा की आवश्यकता नहीं होती है और केवल एसएसबी साक्षात्कार के माध्यम से चयन के अवसर मिलते है। 20 सीटें लडकियों के लिए आरक्षित होती हैं।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26